twitter.com/divyadelhi facebook.com/divyadelhi infodivyadelhi@gmail.com Editor: Rajesh Chauhan

RNI No. DELHI/2013/54397

DD

# दिव्य दिल्ली

divyadelhi.com | सोमवार, 05 मई, 2025 | वर्ष: 12, अंक: 178, पृष्ठ: 08 | ₹ 05/- | दिल्ली से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

## सेना का वाहन 700 फीट गहरी खाई में गिरा, तीन जवान शहीद

**जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। सेना का ट्रक फिसलकर करीब 700 फीट गहरी खाई में जा गिरा। इस दर्दनाक दुर्घटना में तीन जवान बलिदान हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादसा नेशनल हाईवे-44 पर बैटरी चश्मा के पास सुबह 11:30 बजे हुआ। सेना का यह ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहे एक काफिले का हिस्सा था। हादसे के तुरंत बाद, एसडीआरएफ, पुलिस, सेना और स्थानीय स्वयंसेवकों ने मिलकर बचाव अभियान चलाया। दुर्घटना में वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार तीन सैनिक बलिदान हो गए। शहीद हुए सैनिकों का नाम अमित कुमार, सुजीत कुमार और मन बहादुर है। उनके शवों को खाई से बाहर निकाला जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि हादसा इतना दर्दनाक है कि वाहन दुर्घटना के बाद लोहे के ढेर में तब्दील हो गया।


## चुनाव आयोग लाएगा सुपर एप


**नई दिल्ली**

चुनाव आयोग मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों एवं राजनीतिक दलों के लिए एक ऐसा नया डिजिटल इंटरफेस 'ईसीआईनेट' विकसित कर रहा है जिसमें उसके 40 से अधिक वर्तमान मोबाइल और वेब एप्लीकेशंस को शामिल कर लिया जाएगा। चुनाव आयोग ने रविवार को बताया कि 'ईसीआईनेट' चुनाव से जुड़ी सभी गतिविधियों के लिए एक अकेला प्लेटफॉर्म होगा। नया प्लेटफार्म विकसित हो जाने से यूजर्स को अलग-अलग एप डाउनलोड नहीं करने पड़ेंगे, बार-बार विभिन्न एप नहीं खोलने पड़ेंगे और न ही अलग-अलग लाग-इन को याद रखना पड़ेगा। इस प्लेटफॉर्म को विकसित करने का सुझाव हाल में हुए मुख्य चुनाव अधिकारियों के सम्मेलन में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने दिया था। 'ईसीआईनेट' के जरिये यूजर्स अपने डेस्कटाप या स्मार्टफोन पर संबंधित चुनावी आंकड़े एक्सेस कर सकेंगे। जहां तक संभव हो, आंकड़े सटीक हों, यह सुनिश्चित करने के लिए 'ईसीआईनेट' पर आंकड़ों को सिर्फ चुनाव आयोग के अधिकृत अधिकारी ही प्रविष्ट करेंगे। संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रविष्टि सुनिश्चित करेगी।

# सिंधु जल समझौता: भारत ने रोका चिनाब नदी का पानी

## भारत ने चिनाब नदी पर बना बगलिहार बांध बंद किया





**नई दिल्ली**

पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने सिंधु जल समझौता रद्द कर दिया था। वहीं अब, इस तरफ पहला कदम उठाते हुए बगलिहार बांध का पानी रोक दिया गया है। सूत्रों के अनुसार सरकार ने चिनाब नदी पर बने बगलिहार बांध का पानी बंद कर दिया है। सरकार जल्द ही झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध का पानी रोकने की भी योजना बना रही है। सिंधु जल समझौता रद्द होने के बाद भारत सरकार पाकिस्तान में पानी के बहाव कंट्रोल कर सकती है। जम्मू कश्मीर के रामबन में बना बगलिहार बांध और उत्तरी कश्मीर में बना किशनगंगा बांध की मदद से भारत सरकार जब चाहे पानी का बहाव रोक सकती है और किसी भी समय बांध खोल सकती है। बगलिहार और किशनगंगा बांध बंद करके भारत झेलम और चिनाब नदी का बहाव कम कर सकता है। इससे पाकिस्तान में सूखा पड़ने के आसार रहेंगे। यही नहीं, भारत किसी भी समय बांध को खोल भी सकता है, जिससे पाकिस्तान में बाढ़ आने की संभावना बनी रहेगी। बता दें कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी पर हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद ही भारत सरकार ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता रद्द कर दिया था।

**क्या था सिंधु जल समझौता?**

सिंधु जल समझौता 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता में भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ था। इस समझौते के तहत ऊपर की तीन नदियों - सिंधु, चिनाब और झेलम का पानी पाकिस्तान को मिलना था और नीचे की तीन नदियों - रावि, ब्यास और सतलज का पानी भारत इस्तेमाल कर सकता था।

## पंजाब पुलिस ने 2 पाकिस्तानी जासूस पकड़े

**चंडीगढ़**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच पंजाब पुलिस ने 2 पाकिस्तानी जासूस पकड़े हैं। पुलिस के मुताबिक, ये दोनों अमृतसर में आर्मी कैंट और एयरफोर्स बेस से जुड़ी संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तान भेज रहे थे। इन आरोपियों से एक मोबाइल बरामद हुआ है, जिसमें आर्मी की मूवमेंट और एयरफोर्स बेस की तस्वीरें मिली हैं। ये दोनों अमृतसर की जेल में बंद हरप्रीत सिंह उर्फ पिट्टू उर्फ हैप्पी के जरिए आई एस आई से जुड़े हुए थे। आरोपियों की



पहचान पलक शेर मसीह और सूरज मसीह के रूप में हुई है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि इस मामले में ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। अमृतसर ग्रामीण पुलिस जल्द ही इस बारे में और जानकारी देगी। एस एस पी मनिंदर सिंह ने कहा कि पलक फर्नीचर का काम करता है, जबकि सूरज मजदूरी करता है। इन दोनों के फोन से फोटो और वीडियो मिले हैं। 500 ग्राम हेरोइन के मामले में जेल में बंद हैप्पी के जरिए ये पाकिस्तानी एजेंट्स के संपर्क में थे। एक तस्वीर भेजने के लिए 5 से 10 हजार रुपए लेते थे। आर्मी व एयरबेस के अलावा पुलिस चौकियों की जानकारियां भी पाकिस्तान भेजी गईं।

अभी यह पता लगाया जाएगा कि दोनों कब से जानकारियां पाकिस्तान भेज रहे थे। पुलिस की शुरूआती जांच के मुताबिक ये दोनों युवक नशे के आदी हैं। इसी वजह से इनके आई एस आई के जाल में फंसने का शक है।

## पहलगाम हमला: पीएम मोदी की बैक-टू-बैक बड़ी बैठकें



**नई दिल्ली**

**पहलगाम** आतंकी हमले का जवाब देने के लिए तीनों सेनाओं के स्तर पर चल रही रणनीतिक तैयारियों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह के साथ बैठक की। वायुसेना प्रमुख के साथ पीएम की हुई इस बैठक की कोई जानकारी साझा नहीं की गई मगर समझा जाता है कि पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों तथा उसके संरक्षकों को सबक सिखाने के लिए वायुसेना की रणनीतिक तैयारियों पर इसमें चर्चा हुई।

**तैयारियों की हो रही समीक्षा**

वायुसेना प्रमुख से पहले प्रधानमंत्री ने शनिवार को नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी के साथ बैठक कर नौसेना की रक्षा तैयारियों का जायजा लिया था। देश के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व तथा सेनाओं के प्रमुखों के बीच पिछले कई दिनों से जारी बैठकों के दौर का संकेत है कि पहलगाम आतंकी हमले का पाकिस्तान को करारा जवाब देने के लिए सामरिक-रणनीतिक तैयारियों की पुख्ता समीक्षा की जा रही है। इस हमले पर भारत की जवाबी कार्रवाई की तैयारियों की हलचलों के बीच नियंत्रण रेखा पर पिछले 10 दिनों से पाकिस्तान की ओर से लगातार की जा रही गोलीबारी का भारतीय सेना रणनीतिक तरीके से माकूल जवाब दे रही है। वायुसेना प्रमुख के साथ प्रधानमंत्री की रविवार को बैठक की पुष्टि करते हुए सूत्रों ने कहा कि पिछले 24 घंटे के दौरान सैन्य नेतृत्व संग यह पीएम की दूसरी बैठक थी।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर पर केंद्रीय ऊर्जा, आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल का स्वागत करते हुए।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स का पीएम ने किया उद्घाटन

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रविवार को बिहार के पटना में आयोजित 7वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स का उद्घाटन किया। उन्होंने देशभर से आए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि ये प्रतियोगिता खेल के साथ-साथ देशभक्ति की भावना भी जगाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि खिलाड़ियों को मैदान पर प्रदर्शन के साथ-साथ 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के राजदूत की भूमिका भी निभानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि जो खिलाड़ी बिहार से बाहर से आए हैं, वे यहां की प्रसिद्ध लिट्टी-चोखा और मखाना जरूर चखें। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी को खुद



को बेहतर करने के लिए लगातार प्रतिस्पर्धी मैच खेलने चाहिए। एनडीए सरकार ने इसे हमेशा प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि खेल अब सिर्फ मैदान तक सीमित नहीं हैं। यह क्षेत्र रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रहा है। उन्होंने बिहार के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी का उदाहरण दिया, जिन्होंने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, जो जितना खेलेगा, वो उतना खिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत में खेल अब सांस्कृतिक पहचान बनते जा रहे हैं। जैसे-जैसे हमारी खेल संस्कृति बढ़ेगी, वैसे-वैसे भारत की सॉफ्ट पावर और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। उन्होंने यह भी दोहराया कि 2036 में भारत में ओलंपिक की मेजबानी करना हर भारतीय का सपना है। इसमें होने वाले खेलों की तैयारी के के लिए सरकार अभी से स्कूली स्तर से प्रतिभा खोजकर प्रशिक्षण दे रही है।

प्रधानमंत्री ने सभी 6000 से अधिक प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिहार की पवित्र धरती पर तिरंगा ऊंचा फहराए।

## बदरीनाथ के खुले कपाट कपाट खुलने पर मोदी के नाम से हुई पहली पूजा



**देहरादून/बदरीनाथ**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बदरीनाथ के कपाट खुलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली महाभिषेक पूजा कर देश और राज्य की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने धाम में तीर्थयात्रीयों और श्रद्धालुओं का अभिवादन किया और तीर्थयात्रियों से यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। मांगलिक स्वर लहरियों के बीच बदरीनाथ मंदिर के कपाट रविवार सुबह छह बजे रवि पुष्य लग्न में श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। सुबह लगभग 10 बजे भगवान बदरी विशाल का अभिषेक पूजा शुरू हुई। बद्री केदार मंदिर समिति और उत्तराखंड सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से भगवान बदरी विशाल का प्रथम महा अभिषेक पूजा सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मंदिर परिसर में स्थित लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर, आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी सहित सभी मंदिरों में पूजा अर्चना की। बदरीनाथ के कपाट खुलने के अवसर पर देश और दुनिया के लगभग 15 हजार श्रद्धालु मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सकुशल चारधाम यात्रा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के दृष्टिगत बेहतर व्यवस्थाओं के लिए राज्य सरकार की ओर से हर स्तर पर प्रयास किया गया है। देवभूमि उत्तराखंड आने वाले सभी श्रद्धालुओं से अपील है कि वह हरित और स्वच्छ चारधाम यात्रा के लिए राज्य को पूरा सहयोग दें।

## हमें सहयोगी चाहिए केवल उपदेश देने वाले लोग नहीं चाहिए: जयशंकर

**नई दिल्ली**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव का माहौल है। दोनों देश युद्ध की कगार पर आ खड़े हुए हैं। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े एक्शन लिए हैं। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूरोप समेत पूरी दुनिया को एक सीधा और साफ संदेश दिया है। विदेश मंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा कि भारत सहयोगियों की तलाश में है। हमें सहयोगी चाहिए केवल उपदेश देने वाले लोग नहीं चाहिए। उन्होंने कहा



ऐसे लोगों की कोई आवश्यकता नहीं है जिनके कहने और करने में फर्क हो। विदेश मंत्री एस जयंशकर ने एक कार्यक्रम में कहा कि भारत ऐसे देशों के साथ काम करना चाहता है जो आपसी सम्मान और समझ दिखाएं। विदेश मंत्री ने यूरोप पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ यूरोपीय देश अभी भी अपने मूल्यों और कार्यों के बीच के अंतर से जूझ रहे हैं। जयशंकर ने कहा कि मुझे लगता है कि आज के अमेरिका के साथ जुड़ने का सबसे अच्छा तरीका हितों की पारस्परिकता खोजना है। न कि वैचारिक मतभेदों को सामने रखना और फिर इसे साथ मिलकर काम करने की संभावनाओं को धुंधला होने देना।यूरोप से भारत की अपेक्षाओं के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि उसे उपदेश देने से आगे बढ़कर पारस्परिकता के ढांचे के आधार पर काम करना शुरू करना होगा।

## हिमाचल में मचा हाहाकार: चंबा में फटा बादल, 1 की मौत

**शिमला**

ऑरेंज अलर्ट के बीच रविवार को हिमाचल प्रदेश में कई जगह झमाझम बारिश-अंधड़ के साथ ओलावृष्टि हुई। चंबा जिले के चेली गांव के डोंडरा नाला में शनिवार रात बादल फटने से एक 65 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति की नाले में बहने से मौत हो गई। बाढ़ में 150 भेड़-बकरियां भी नाले में बह गईं। उधर, राजधानी शिमला में दोपहर बाद करीब 1:30 बजे ही अंधेरा छा गया।

**कुल्लू में नौ घंटे बरसे बादल**

इस बीच गर्ज के साथ झमाझम बारिश और ओलावृष्टि हुई। लाहौल में चोटियों पर बर्फबारी और कई क्षेत्रों में बारिश हुई है।

कुल्लू में शनिवार रात से शुरू हुई बारिश रविवार सुबह तक जारी रही। 9 घंटे हुई बारिश से जगह-जगह जलभराव हो गया। इसके अलावा रामपुर, सोलन, कांगड़ा, बिलासपुर, सिरमौर मंडी में भी बारिश-अधंड़ और ओलावृष्टि हुई।

## किसान योजनाओं के लाभार्थी मात्र नहीं, विकास के भागीदार बनेंगे: मुख्यमंत्री

**लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश का किसान केवल योजनाओं का लाभार्थी मात्र नहीं रहेगा, बल्कि प्रदेश के समग्र विकास का सक्रिय भागीदार बनेगा। उन्होंने कहा कि "नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में कृषि केवल जीविका नहीं, बल्कि समृद्धि और आत्मनिर्भरता का आधार बनेगी।" रविवार को कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में कृषि सेक्टर की अद्यतन स्थिति पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के कुल कृषि क्षेत्र का 11.41% हिस्सा उत्तर प्रदेश में है, लेकिन खाद्यान्न उत्पादन में प्रदेश की हिस्सेदारी 20.89% है, जो किसानों की मेहनत और सरकार की प्रभावी नीतियों का प्रमाण है। 2016-17 में जहाँ खाद्यान्न उत्पादन



557.46 लाख मीट्रिक टन था, वह 2024-25 में बढ़कर 725.12 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो गया है। इसी अवधि में दलहन और तिलहन उत्पादन में दोगुने से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया। बीज की गुणवत्ता और उपयुक्तता पर विशेष जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जलवायु क्षेत्रों (क्लाइमेटिक जोन) के अनुसार बीज विकसित किए जाएं। उन्होंने अगैती व पछेती बोआई के लिए अलग-अलग बीज तैयार कराने, प्रमाणीकरण सुनिश्चित करने और किसानों को रियायती दर पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम द्वारा किसानों से बीज खरीद की धनराशि बढ़ाने और संसाधित बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा। लखनऊ में प्रस्तावित चौधरी चरण सिंह बीज पार्क की स्थापना को तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने इसे बीज क्षेत्र में क्रांति का आधार बताया। उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद जैसे संस्थानों के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता जताते हुए मुख्यमंत्री ने तकनीक आधारित कृषि नवाचारों को गति देने का आह्वान किया। कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों से आवेदन लेने से पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। चयन प्रक्रिया में यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिकाधिक विकास खंडों के किसान लाभान्वित हों। 'श्री अन्न' को लेकर विशेष उत्साह जताते हुए मुख्यमंत्री ने इसके प्रोत्साहन और प्रोक्योरमेंट की व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि वर्तमान में प्रदेश के 7693 गो आश्रय स्थलों में 11.49 लाख गोवंश संरक्षित हैं। इनकी निगरानी सीसीटीवी से की जा रही है और नियमित अंतराल पर निरीक्षण भी हो रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यहां केयर टेकर की तैनाती, उन्हें समय से वेतन भुगतान, भूसा बैंक की स्थापना तथा पानी हरे चारे और चोकर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। समय-समय पर पशु चिकित्सकों की विजिट भी कराई जाए।

# बदरीनाथ के कपाट खुलने पर प्रधानमंत्री मोदी के नाम से हुई पहली महाभिषेक पूजा

**एजेंसी**

**बदरीनाथ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बदरीनाथ के कपाट खुलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली महाभिषेक पूजा कर देश और राज्य की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने धाम में तीर्थयात्रीयों और श्रद्धालुओं का अभिवादन किया और तीर्थयात्रियों से यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। मांगलिक स्वर लहरियों के बीच बदरीनाथ मंदिर के कपाट रविवार सुबह छह बजे रवि पुष्य लग्न में श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। सुबह लगभग 10 बजे भगवान बदरी विशाल का अभिषेक पूजा शुरू हुई। बद्री केदार मंदिर समिति और उत्तराखंड सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से भगवान बदरीविशाल का प्रथम महा अभिषेक पूजा सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मंदिर परिसर में स्थित लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर, आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी सहित सभी मंदिरों में पूजा अर्चना की। बदरीनाथ के कपाट खुलने के अवसर पर देश और दुनिया के लगभग 15 हजार श्रद्धालु मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सकुशल चारधाम यात्रा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के दृष्टिगत बेहतर व्यवस्थाओं के लिए राज्य सरकार की ओर से हर स्तर पर प्रयास किया गया है। देवभूमि उत्तराखंड आने वाले सभी श्रद्धालुओं से अपील है कि वह हरित और स्वच्छ चारधाम यात्रा के



लिए राज्य को पूरा सहयोग दें। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी से बदरीनाथ धाम के मास्टर प्लान के कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए मंदिर के समीप हो रहे निर्माण कार्यों का जायजा भी लिया।

इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी को मास्टर प्लान के कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। साथ ही बदरीनाथ धाम में यात्रा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को यात्री सुविधा और सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम करने को कहा मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी से श्रीहेमकुंड साहिब यात्रा तैयारियों की जानकारी लेते हुए यात्री सुविधाओं को शीघ्र व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोविंदघाट में अलकनंदा नदी में निर्माणाधीन पुल के निर्माण कार्य की जानकारी ली। जिलाधिकारी को पुल के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर यात्रा से पूर्व पुल का निर्माण गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के आदेश दिए। इस दौरान राज्य सभा सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज,विधायक लखपत बुट्टोला, बीकेटीसी के नवनियुक्त उपाध्यक्ष विजय कपरवाण व ऋषि प्रसाद सती, बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय थपलियाल, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल आदि मौजूद थे।

## जमशेदपुर में मेडिकल कॉलेज का जर्जर छज्जा गिरने से तीन की मौत, प्रबंधन और सरकार पर उठे सवाल

**एजेंसी**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर स्थित महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में मेडिसिन डिपार्टमेंट के कॉरिडोर का छज्जा गिरने से घायल तीन मरीजों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। यह हादसा शाम करीब चार बजे हुआ था। एनडीआरएफ की मदद से मलबे में दबे लोगों को निकालने का काम रात एक बजे तक चलता रहा। झारखंड सरकार ने हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए के मुआवजे और घायलों को 50-50 हजार की सहायता राशि देने का ऐलान किया गया है। हादसे में मरने वालों की पहचान साकची निवासी 73 वर्षीय डेविड जॉनसन, 61 वर्षीय लुकास साइमन तिर्की और सरायकेला निवासी 65 वर्षीय श्रीचंद तांती के रूप में हुई है। जिन दो लोगों का रेस्क्यू किया गया है, उनमें रेणुका देवी और सुनील कुमार शामिल हैं। इनमें रेणुका देवी की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया गया कि हॉस्पिटल के तीसरे तल्ले पर स्थित मेडिसिन वार्ड का जर्जर छज्जा अचानक ढह गया। तेज आवाज के साथ मलबा बिखरा तो वार्ड में कोहराम मच गया। वहां मौजूद लोग इधर-उधर भागने लगे। वार्ड के बरामदे में सोए पांच लोग मलबे में दब गए। करीब आधे घंटे बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचने के बाद मलबे में दबे लोगों को निकालने का काम शुरू हो पाया। दो लोगों के शव रात करीब नौ बजे निकाले गए, जबकि तीसरे मृतक का शव रात एक बजे एनडीआरएफ की मदद से निकाला जा सका।



## जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान ने फिर किया संघर्ष विराम का उल्लंघन, सेना ने की जवाबी कार्रवाई

**जम्मू।** पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर छोटे हथियारों से गोलीबारी कर संघर्ष विराम का उल्लंघन जारी रखा है। रक्षा प्रवक्ता ने रविवार को यहां कहा कि 3-4 मई की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर के समीपवर्ती इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने त्वरित एवं उचित जवाब दिया।उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ गया।



## मोदी से मिले एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान की सीमाओं पर बढ़ते तनाव के बीच वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी की कल प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात के बाद एयर चीफ मार्शल सिंह की श्री मोदी के साथ मुलाकात को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वायु सेना प्रमुख और प्रधानमंत्री की मुलाकात के दौरान क्या बातचीत हुई इस बारे में आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि, यह माना जा रहा है कि एयर चीफ मार्शल ने प्रधानमंत्री को वायु सेना की तैयारी और रणनीति के बारे में जानकारी दी है।उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री पहलगाम आतंकवादी के हमले के बाद से ही समूचे रक्षा तंत्र और सुरक्षा एजेंसियों तथा सरकार में अपने शीर्ष सहयोगियों के साथ निरंतर बैठक कर रहे हैं। श्री मोदी ने अंगोला के राष्ट्रपति के साथ मुलाकात के बाद कल एक बार फिर मीडिया के सामने दोहराया कि पहलगाम में आतंकवादी हमले को अंजाम देने वालों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बाइस अप्रैल को हुए इस आतंकवादी हमले में आतंकवादियों ने 26 लोगों की निर्ममता से हत्या कर दी थी।



## तिरुपतिः कोडंडाराम स्वामी मंदिर में रंगारंग पुष्प यज्ञ का आयोजन

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश में श्री कोडंडाराम स्वामी मंदिर में पुष्पयाग महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस महोत्सव के तहत, दिन में पहले कोडंडाराम स्वामी के साथ श्री सीता देवी और लक्ष्मण स्वामी का स्नेपना तिरुमंजनम किया गया। बाद में शाम 4 बजे से 6 बजे तक मंदिर के उनजल मंडपम में पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुष्पयाग का आयोजन किया गया। उत्सव देवताओं को कुल 3 टन फूल चढ़ाए गए, जिनमें 12 प्रकार के फूल और छह प्रकार के पत्ते शामिल थे। आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक राज्यों के दानदाताओं ने ये पारंपरिक और सजावटी फूल दान किए।इस पुष्प महोत्सव की भव्यता को देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। पुष्पयागम को आमतौर पर पाप-मुक्त अनुष्ठान के रूप में मनाया जाता है।

# पद्मश्री योग गुरु शिवानंद बाबा के निधन से दुखी, उनका जाना अपूरणीय क्षति : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**योग के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान देने वाले काशी के प्रख्यात योग गुरु 'पद्म श्री' स्वामी शिवानंद जी का निधन अत्यंत दुखद है: योगी**

**एजेंसी**

**वाराणसी।** पद्मश्री से सम्मानित और योग साधना के प्रतीक शिवानंद बाबा ने रात लगभग 9 बजे बीएचयू अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई अन्य नेताओं ने श्रद्धांजलि दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने शिवानंद बाबा को श्रद्धांजलि देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर (उनके साथ खींची गई एक तस्वीर के साथ) लिखा, योग साधक और काशी निवासी शिवानंद बाबा जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। योग और साधना को समर्पित उनका जीवन देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। योग के जरिए समाज की सेवा के लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित भी किया गया था। शिवानंद बाबा का शिवलोक प्रयाण हम सब काशीवासियों और उनसे प्रेरणा लेने वाले करोड़ों लोगों के लिए अपूरणीय क्षति है। मैं इस दुख की घड़ी में उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शिवानंद बाबा को श्रद्धांजलि देते हुए एक्स पर लिखा, योग के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान देने वाले काशी के प्रख्यात योग गुरु 'पद्म श्री' स्वामी शिवानंद जी का निधन अत्यंत दुखद है। उन्हें



विनम्र श्रद्धांजलि! आपकी साधना एवं योगमय जीवन संपूर्ण समाज के लिए महान प्रेरणा है। आपने अपना पूरा जीवन योग के विस्तार में समर्पित कर दिया। बाबा विश्वनाथ से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति एवं उनके शोकाकुल अनुयायियों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ? शांति! भाजपा सांसद संबित पात्रा ने एक्स पर लिखा, योग साधक 'पद्मश्री' शिवानंद बाबा जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। योग और साधना को समर्पित उनका संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। बाबा विश्वनाथ से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति एवं उनके शोकाकुल अनुयायियों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ? शांति! यूपी सरकार में मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने लिखा, काशी नगरी ने आज अपना एक अनमोल रत्न खो दिया। 129 वर्षीय योग गुरु, पद्मश्री सम्मानित स्वामी शिवानंद जी के निधन की खबर अत्यंत दुखद और भावुक कर देने वाली है। उनका जाना केवल एक संत का जाना नहीं है, बल्कि योग, संयम, सेवा और सादगी की एक जीवित परंपरा का अवसान है। बाबा शिवानंद जी का जीवन स्वयं में एक प्रेरणा था। उन्होंने बिना रोग के, बिना विलासिता के, और बिना किसी दिखावे के 129 वर्षों का संतुलित जीवन जिया। वे प्रतिदिन योग, प्राणायाम और ध्यान करते थे। उनका भोजन सात्विक, जीवन संयमित और विचार अत्यंत निर्मल थे।

## मनोज तिवारी का राहुल गांधी पर निशाना, कहा- बताना पड़ेगा वह किस जाति से हैं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जाति-जनगणना को लेकर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर जोरदार निशाना साधा। बुराड़ी में रविवार को उन्होंने कहा कि जाति-जनगणना होने दीजिए, राहुल गांधी को भी अपनी जाति के बारे में बताना होगा। इसके बाद सारा भेद ही खुल जाएगा। दिल्ली के साथ पूरी दुनिया को पता चल जाएगा कि वो किस जाति से हैं। न्यूज एजेंसी से बातचीत के दौरान मनोज तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी सनातन और हिंदू विरोधी हैं, इसलिए वह हिन्दुओं के विरोध में बयान देते हैं। उनकी सनातन में आस्था नहीं है, वह सिर्फ ढोंग करते हैं। इतना ही नहीं, अब तो जातिगत जनगणना भी होनी है और राहुल गांधी की जाति भी सामने आ जाएगी कि वह कौन सी जाति से हैं। अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में राहुल गांधी की ओर से श्रीराम को काल्पनिक कहने पर मनोज तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी को उनकी हिन्दू विरोधी सोच मुबारक। वह सनातन



विरोधी हैं और उन्हें हिन्दुओं से जलन होती है। हम जिस रास्ते पर चले हैं, उस रास्ते पर हम घर-घर तक रामचरितमानस पहुंचाएंगे। मनोज तिवारी ने कहा कि हम लोग बुराड़ी क्षेत्र में मानव सेवा शिक्षा संस्थान की ओर से हस्तिनापुर शिव महापुराण कथा कर रहे हैं। शिव और राम की भावना घर-घर पहुंचे, हर घर तक रामचरितमानस पहुंचाने का संकल्प लिया है। उन्होंने आगे कहा कि हम लोगों से अपील कर रहे हैं कि 21 मई से 27 मई तक बुराड़ी आएं और शिव महापुराण कार्यक्रम में शामिल होकर धन्य हो जाएं। बता दें कि जाति-जनगणना को लेकर हाल ही में केंद्र सरकार ने फैसला लिया कि देश में जाति-जनगणना कराई जाएगी। केंद्र सरकार के इस फैसले से देशभर में खुशी की लहर है। लेकिन, इंडी अलायंस में शामिल कांग्रेस-समाजवादी पार्टी सहित अन्य क्षेत्रीय पार्टियां इसे अपनी जीत बता रही हैं। क्रेडिट लेने की होड़ के बीच भाजपा के नेताओं का कहना है कि जब कांग्रेस का शासन देश में था, तब उन्हें जाति-जनगणना कराने की याद क्यों नहीं आई। जब विपक्ष में रहते हैं, तो जाति-जनगणना की बात करते हैं।

## एनडीए घटक मानेंगे प्रधानमंत्री की बात, बिहार में फिर से बनेगी एनडीए सरकार : बीएल वर्मा

**कांग्रेस नेता पाकिस्तान को रास आने वाले बयान देते है**

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार दौरे पर आये केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने मुख्यमंत्री फेस और नेतृत्व को लेकर बड़ा दावा किया है ।केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक मामलों के राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने रविवार को पटना में पत्रकारों से बात करते हुए आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर बिहार में फिर से एनडीए सरकार बनने का दावा किया। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के फिर से सीएम बनने पर सीधा जवाब दिया। अपने बिहार दौरे में बीएल वर्मा मुजफ्फरपुर के सकरा में आंबेडकर सम्मान अभियान विचार गोष्ठी को संबोधित करेंगे। पटना एयरपोर्ट पर उन्होंने कांग्रेस, राजद नेता तेजस्वी यादव और महागठबंधन घटक दलों की होने वाली बैठक पर कहा कि इंडिया गठबंधन चाहे जितनी बैठक कर ले मोदी के नेतृत्व में बिहार में एनडीए





का परचम लहराएगा, जिस तरह से पूरे देश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास की रफ्तार पर आगे बढ़ रहा है बिहार भी उसी रफ्तार पर आगे बढ़ेगा। एनडीए के घटक दलों में चिराग पासवान और जीतन राम मांझी की पार्टी के सीटों के डिमांड पर कहा कि चिराग पासवान तो प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करते हैं। मुझे लगता है पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए में जो भी फैसला होगा वह स्वीकार करेंगे। समय आने पर सब ठीक हो जाएगा। एनडीए गठबंधन मजबूती के साथ चुनाव में उतरेगी और जीत हासिल करेगी। साथ ही नीतीश कुमार के फिर से मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर कहा कि प्रधानमंत्री ने जो कहा सबको मानना चाहिए। पहलगाम आतंकी हमले पर राज्य मंत्री ने कांग्रेस को जमकर लताड़ा और कहा कि कांग्रेस के नेता मुझे लगता है इस प्रकार के बयान देते हैं जो पाकिस्तान कोरास आते हैं. हमारी सेना के हौसलों को यह कमजोर करने का प्रयास करते हैं लेकिन हमारे बहादुर सेना उसके हौसले कमजोर होने वाला नहीं है। समय आने पर पाकिस्तान को जवाब दिया जाएगा। इसके लिए भारत तैयार है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगाया जनता दरबार, सुनी लोगों की समस्याऐं

**मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में मौजूद अधिकारियों को शिकायतों का प्रार्थना पत्र सौंपते हुए इसके समय से निस्तारण के निर्देश दिए।**

**एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान 60 से अधिक फरियादी आए। मुख्यमंत्री ने एक-एक करके सभी से मुलाकात की, फिर कुशलक्षेम पूछा। इसके बाद हर पीड़ित तक पहुंचे, शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। सीएम योगी ने कहा प्रदेश के हर नागरिक के चेहरे पर खुशहाली लाना ही सरकार की प्राथमिकता है और सरकार इसके लिए पहले दिन से ही कार्य कर रही है। जनता दरबार में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सड़क निर्माण समेत अनेक मामले आए, जिस पर प्रार्थना पत्र लेकर



मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में मौजूद अधिकारियों को शिकायतों का प्रार्थना पत्र सौंपते हुए इसके समय से निस्तारण के निर्देश दिए। प्रतापगढ़ के कुंडा में विगत दिनों हुई घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस घटना के आरोपियों को बख्शेंगे नहीं। वहीं दो महिलाओं ने पुलिस से संबंधित शिकायत की, जिसे मुख्यमंत्री ने गंभीरता से सुना और कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। जनता दर्शन में मड़ियांव थाना के रहने वाले एक राजमिस्त्री वृद्धावस्था पेंशन की फरियाद लेकर आए थे। जिस पर सीएम योगी ने नियमसंगत कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। आरटीई, खेत की पैमाइश, आवास, चकरोड, खेतों में कब्जा, बिजली कनेक्शन समेत अन्य फरियाद लेकर पीड़ित पहुंचे, जिसके समाधान का मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया। जनता दर्शन में कई पीड़ित परिवार के साथ आए थे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान बच्चों को दुलारा, उनकी शिक्षा के बारे में जानकारी ली और चॉकलेट भी दी। सीएम योगी ने बच्चों को खूब पढ़ने और उज्ज्वल भविष्य का भी आशीर्वाद दिया।

## कांग्रेस ने पूछा- कब होगी जातिगत जनगणना, क्यों बदला सरकार ने अपना रुख

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जातिगत जनगणना को लेकर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से तीन सवाल पूछते हुए कहा है कि सरकार को स्पष्ट बताना चाहिए कि जातिगत जनगणना कब और कैसे की जाएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अगर मोदी सरकार ने जातिगत जनगणना पर अपने पुराने रुख से हटकर अब नई नीति अपनाई है, तो उसे यह बात ईमानदारी से स्वीकार करनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि अब सरकार को स्पष्ट रूप से यह बताना चाहिए कि जातिगत जनगणना कब और कैसे की जाएगी। जयराम रमेश ने कहा कि



जातिगत जनगणना जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे पर चुप्पी अब नहीं चलेगी। उन्होंने मांग की कि प्रधानमंत्री जनता को साफ-साफ जवाब दें।

## चुनाव आयोग जल्द लॉन्च करेगा 'ईसीआईनेट', 40 ऐप्स होंगे समाहित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसीआई) एक नई डिजिटल पहल के तहत 'ईसीआईनेट' नामक एक सिंगल-पॉइंट प्लेटफ़ॉर्म लॉन्च करने की तैयारी में है, जो 40 से अधिक मौजूदा वेब और मोबाइल आधारित आईटी ऐप्स को समाहित करेगा। इसमें सीविज़िल ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर टर्नआउट ऐप जैसी ऐप्स शामिल हैं। इस कदम का उद्देश्य नागरिकों, चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और नागरिक समाज के लिए एक सुगम, एकीकृत और उपयोगकर्ता-अनुकूल अनुभव प्रदान करना है। संभावना है कि इसे आने वाले बिहार चुनाव के पहले ही लॉन्च कर दिया जाएगा। ईसीआईनेट को चुनाव संबंधी सभी सेवाओं के लिए एकमात्र सहयोगी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे उपयोगकर्ताओं को कई ऐप डाउनलोड करने और विभिन्न लॉगिन याद रखने की आवश्यकता नहीं होगी। चुनाव आयोग





का कहना है कि प्लेटफ़ॉर्म मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की परिकल्पना है। उन्होंने इसे मार्च 2025 में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओज़) के सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया था। चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। ईसीआईनेट के माध्यम से नागरिक अपने स्मार्टफ़ोन या डेस्कटॉप से चुनावी जानकारी तक सरलता से पहुंच सकेंगे। डेटा केवल अधिकृत ईसीआई अधिकारियों द्वारा दर्ज किया जाएगा, जिससे इसकी प्रामाणिकता सुनिश्चित होगी। किसी विवाद की स्थिति में विधिक फ़ॉर्मों में दर्ज प्राथमिक डेटा ही मान्य माना जाएगा। यह प्लेटफ़ॉर्म 100 करोड़ से अधिक मतदाताओं और 10.5 लाख से अधिक बीएलओ, 15 लाख बीएलए, 45 लाख पोलिंग ऑफ़िशियल्स, 15,597 एईआरओ, 4,123 ईआरओ और 767 डीईओ को लाभ पहुंचाएगा।

## संपादक की कलम से

### इस बार टोपी में से जाति गणना निकाली

जनता को एक के बाद एक नए मुद्दे में उलझाना। इसे खुश होकर उनके भक्त कहते हैं कि यह हेडलाइन मैनेजमेंट हैं। खबरों की सुर्खियों में हम ही रहेंगे। टोपी में से कबूतर निकालने का जादू चलता रहेगा। इस बार जब 26 पर्यटकों की पहलगाम में हत्या हुई और लोग इसके जवाब में आतंकवाद का खात्मा मांग रहे थे तो मोदी जी ने टोपी में से जाति गणना निकाल दी।

लड़ाई तो अब शुरू होगी। जाति गणना की राहुल गांधी की मांग को मोदी सरकार को मानना पड़ा। आम जनगणना में इस बार जातिवार गणना भी होगी। मगर गिनती हो जाना ही अपने आप में कुछ नहीं है। दलितों की आदिवासियों की गिनती है। दस साल बाद होने वाली हर जनगणना में होती है। हालांकि मोदी सरकार ने अभी तक जनगणना ही नहीं करवाई। 2021 में होना थी। मगर कोविड के बहाने उसे टाल दिया गया। जबकि 2021 में ही 5 राज्यों बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल, पुदुचेरी के विधानसभा चुनाव करवाए। इससे पहले 2020 में बिहार, दिल्ली के। और 2022 में उत्तर प्रदेश के चुनाव भी हुए। चुनाव कभी नहीं टाले। मगर पांच साल लेट हो गई जनगणना।

जनगणना में सरकार के सामने सबसे बड़ी समस्या यही थी कि वह जाति गणना से कैसे बचे। मोदी सरकार ने उस समय संसद में कहा था कि वह अनुसूचित जाति और जनजाति के अलावा किसी और समुदाय की गणना नहीं करवाएगी। ऐसा ही जवाब उसने एक हलफनामे के जरिए सुप्रीम कोर्ट को दिया था। 2021 के बजट में जनगणना के लिए जो पैसा रखा था उसे केंसिल किया ( विलंबित ) अगले साल 2022 तक के लिए। अगले साल फिर 2023 तक के लिए। सरकार जाति गणना से बचने के लिए जनगणना को भी अभी तक टालती रही।

मगर अब उसने अचानक यह फैसला ले लिया। इस पर बहुत सारी बातें हैं। सवाल हैं। कि अचानक क्यों?

देश जब पहलगाम के आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहा था। पूरा विपक्ष सरकार के साथ खड़ा था तब अचानक प्रधानमंत्री मोदी फैसला करते हैं कि हम तो जातिवार गणना कराएंगे।

11 साल से लोगों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। जनता जब जो चाहती है उसे वह न देकर दूसरे मामले में उलझा दिया जाता है। बेरोजगार नौकरी मांगते हैं उनसे कहा जाता है कि वह तुम्हारी भैंस खोल ले जाएंगे। महिलाएं कहती हैं कि आपने तो कहा था- 'बहुत हुआ नारी पर वार अबकी बार मोदी सरकार!' तो कहते हैं कि अब तुम्हारा मंगल सूत्र ले जाएंगे! कुछ भी कह देते हैं। और कुछ नहीं मिला तो कह दिया कि मैं बायलॉजिकल ( मां की कोख से जनमा ) नहीं हूं।

जनता को एक के बाद एक नए मुद्दे में उलझाना। इसे खुश होकर उनके भक्त कहते हैं कि यह हेडलाइन मैनेजमेंट हैं। खबरों की सुर्खियों में हम ही रहेंगे। टोपी में से कबूतर निकालने का जादू चलता रहेगा। इस बार जब 26 पर्यटकों की पहलगाम में हत्या हुई और लोग इसके जवाब में आतंकवाद का खात्मा मांग रहे थे तो मोदी जी ने टोपी में से जाति गणना निकाल दी।

जाति गणना तो बहुत पुरानी मांग है। होना चाहिए थी। मगर इस समय घोषणा कुछ और चाहिए थी। आतंकवाद के खिलाफ। और घोषणा नहीं कार्रवाई। मगर मोदी जी को आदत पड़ गई है बातों से लोगों को बहलाने की। आखिर 11 साल से यही कर रहे हैं। मगर इस बार संभव नहीं लगता।

दो बड़ी बातें हैं। पहली, बार-बार सीमा पार से आकर यहां लोगों को मारे जाने की घटनाएं और उन पर कोई कार्रवाई नहीं होना। पुलवामा में चालीस जवान शहीद, गलवान में बीस जवान और अब पहलगाम में 26 पर्यटक। दूसरी बात, इनके जवाब में जो मोदीजी जो जाति गणना लाए हैं वह उन्हें उलटी पड़ रही है। आरएसएस और भाजपा के मूल विचार यथास्थितिवाद के खिलाफ है। यह दक्षिणपंथी संगठन सामाजिक ढांचे में बदलाव के सख्त खिलाफ हैं। लेकिन समय की ऐसी बलिहारी है कि देश में सामाजिक ढांचे के बदलाव के आज तक के सबसे बड़े काम की घोषणा मोदी जी के हाथों होना थी। हो गई।

बहुत अच्छा हुआ। सोचिए अगर यह घोषणा राहुल गांधी करते तो क्या होता? 1990 याद कर लीजिए। उसी तरह देश भर में बीजेपी इसके विरोध में हिंसक आंदोलन शुरू कर देती। युवाओं का आत्मदाह याद है! क्या भयावह समय था। वीपी सिंह को आज तक गालियां देते हैं।

मोदी जी की घोषणा से एक लाभ यह जरूर हुआ कि प्रतिक्रियावादी ताकतें मुख्यतः ओबीसी और दलित आदिवासी के खिलाफ खुल कर नहीं आ पा रही हैं। केवल सोशल मीडिया तक ही सीमित हैं। हालांकि सोशल मीडिया पर बहुत गंदगी फैलाई जा रही है। मगर वहां कब नहीं फैला रहे थे ये लोग? फर्क बस इतना था कि पहले मुस्लिम के खिलाफ फैला रहे थे और अब पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, आदिवासी के खिलाफ।

### रात में अच्छी नींद के लिए क्या करना चाहिए? डॉक्टर ने बताया

बेहतर नींद अच्छी सेहत के लिए बेहद जरूरी है. पर्याप्त और आरामदायक नींद की कमी से कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं. इनमें मानसिक तनाव, चिड़चिड़ापन, ब्लड प्रेशर की समस्या और डायबिटीज के साथ हार्मोनल असंतुलन भी शामिल है. इसके साथ ही नींद हमारी भाषा का उपयोग करने, ध्यान बनाए रखने, जो हम पढ़ रहे हैं उसे समझने और जो हम सुन रहे हैं उसे प्रस्तुत करने की क्षमता को भी प्रभावित करती है. नींद की जरूरत भी सभी की अलग-अलग होती है. डॉक्टर बता रहे हैं कि एक अच्छी और भरपूर नींद लेने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं.

नींद का पूरा होना और बेहतर नींद में अंतर है. अक्सर हम 7 से 9 घंटे की नींद को ही पर्याप्त और बेहतर नींद मानते हैं. हालांकि ऐसा नहीं है. सोने से पहले दिमाग में किसी तरह का तनाव होने से बेहतर नींद नहीं आती. इसके अलावा सोने के कमरे का माहौल और बिस्तर से भी नींद पर बहुत प्रभाव पड़ता है.

बिस्तर यदि आरामदायक नहीं है तब भी बेहतर नींद नहीं आ सकती. यदि आप सोने से पहले अधिक पानी पीते हैं तब भी आपकी नींद डिस्टर्ब रहेगी. इन हालात में आप सो तो रहे होंगे, लेकिन गहरी और बेहतर नींद से वंचित ही रहेंगे. बेहतर नींद नहीं लेने से कुछ ही दिनों में आपके पूरे स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव नजर आने लगेगा.

**कैसे लें बेहतर नींद**

बेहतर नींद लेने के लिए जरूरी है कि सोने वाला कमरे का माहौल अच्छा और शांत हो. इसके साथ ही बिस्तर भी आरामदायक होना चाहिए. यदि आपको किसी तरह का तनाव है तो उसे भूलकर बिस्तर पर जाना चाहिए. बिस्तर पर तभी पहुंचना चाहिए जब आपको नींद आ रही हो और आपना मन भी सोने का हो रहा हो. बिस्तर पर जाकर सोचना या करवट बदलते रहने से भी बेहतर नींद नहीं आती.

# भारत-पाकिस्तान सैन्य गतिरोध में कहां खड़ा है भारत?

– नित्य चक्रवर्ती

भारतीय टीवी चैनलों और राष्ट्रीय मीडिया के एक हिस्से ने दोहराया कि मोदी का पाकिस्तान के खिलाफ हमला निश्चित रूप से होने वाला है। बुधवार, 30 अप्रैल को स्थिति पूरी तरह बदल गयी, जब अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दोनों को फोन करके दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा बनाये रखने का आह्वान किया।



22 अप्रैल को पहलगाम में 26 लोगों की नृशंस हत्या को दस दिन बीत चुके हैं। अगले दिनों में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई उपायों की घोषणा कर के देश के उबलते मूड को बढ़ावा दिया, जिसमें 1960 में हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि को निलंबित करना भी शामिल है। उसके बाद पाकिस्तान ने भी जवाबी कदम उठाये, जिनमें 1972 के शिमला समझौते से बाहर आना भी शामिल रहा।

29 अप्रैल को, प्रधानमंत्री ने अपने सैन्य प्रमुखों के साथ बैठक की और कथित तौर पर उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के समय और प्रकृति पर निर्णय लेने के लिए पूर्ण स्वतंत्रता दी। उसी रात, पाकिस्तान के सूचना मंत्री ने पत्रकारों से कहा कि- पाकिस्तान को अपनी खुफिया रिपोर्टों के आधार पर आशंका है कि भारत 2-3 दिनों के भीतर सैन्य हमला करेगा, और उस स्थिति में उनका देश पूरी तरह से तैयार है।

भारतीय टीवी चैनलों और राष्ट्रीय मीडिया के एक हिस्से ने दोहराया कि मोदी का पाकिस्तान के खिलाफ हमला निश्चित रूप से होने वाला है। बुधवार, 30 अप्रैल को स्थिति पूरी तरह बदल गयी, जब अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दोनों को फोन करके दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा बनाये रखने का आह्वान किया। स्वर काफी केंद्रित था और इसमें ट्रंप जैसा स्वर नहीं था, जिन्होंने शुरू में यह आभास दिया था कि अमेरिका उनके प्रिय मित्र नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिशोध के रूप में की जाने वाली हर चीज के साथ जायेगा।

यदि रुबियो की टिप्पणियों का विश्लेषण किया जाये, तो यह अनुमान लगाया जा सकता है कि उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ सहयोग करने की संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। हालांकि, साथ ही, हमले में शहबाज शरीफ सरकार की किसी भी संलिप्तता का उल्लेख किये बिना, रुबियो ने विनम्रतापूर्वक तनाव कम करने की मांग करते हुए औपचारिक रुख अपनाया। गौरतलब है कि अमेरिकी विदेश विभाग के बयान में यह उल्लेख किया गया था कि रुबियो और शरीफ दोनों ने हिंसा के जघन्य कृत्यों के लिए आतंकवादियों को जवाबदेह ठहराने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

पाकिस्तान पर किसी भी संभावित भारतीय सैन्य हमले के लिए अमेरिका के नवीनतम रुख का क्या मतलब है, जिसमें दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच पूर्ण युद्ध में वृद्धि की संभावना है? सबसे पहले, रुबियो भारत द्वारा अपराधियों का पता लगाने की अपनी कार्रवाई को आगे बढ़ाने के पक्ष में हैं, और वह चाहते हैं कि पाकिस्तान अपनी ओर से इस कार्य में पूरा सहयोग करे। रुबियो ने पहलगाम नरसंहार पर राष्ट्रपति ट्रम्प की भावनाओं को दृढ़ता से व्यक्त किया होगा। लेकिन साथ ही, रुबियो ने कोई संकेत नहीं दिया है कि शहबाज शरीफ सरकार का पहलगाम नरसंहार में शामिल आतंकवादियों के साथ सीधा संबंध है।

रुबियो की शरीफ के साथ बातचीत के बारे में, अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि उन्होंने आतंकी हमले की निंदा करने की आवश्यकता के बारे में बात की। इसमें कहा गया कि दोनों नेताओं ने आतंकवादियों को उनकी जघन्य हिंसा के लिए जवाबदेह ठहराने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इसमें कहा गया कि 'सचिव ने इस अमानवीय हमले की जांच में पाकिस्तानी अधिकारियों से सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने पाकिस्तान को तनाव कम करने और दोनों देशों के बीच सीधे संचार को फिर से स्थापित करने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।'

22 अप्रैल के पहलगाम नरसंहार के दस दिन बाद का यह परिदृश्य जून 2002 में भारत-पाकिस्तान सैन्य गतिरोध से कई समानताएं रखता है, जब पश्चिमी देशों को जानकारी मिली कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पाकिस्तान पर हमला करने का फैसला किया है। दिसंबर 2001 में दिल्ली में भारतीय संसद पर पाक-प्रेरित आतंकवादी हमले और उसके बाद मई 2002 में जम्मू के कालूचक में एक और नरसंहार के बाद वाजपेयी ने पाकिस्तान के साथ बातचीत की सभी उम्मीदें खो दी थीं। भारतीय अभियान को ऑपरेशन पराक्रम नाम दिया गया था। भारत और पाकिस्तान दोनों ने नियंत्रण रेखा पर भारी संख्या में सैनिकों को तैनात किया और नौसेना तथा सेना की टुकड़ियाँ पूरी तरह से तैयार थीं।

लेकिन फिर, अमेरिका ने जोरदार हस्तक्षेप किया। दक्षिण एशिया की देखरेख करने वाले अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारी रॉबर्ट आर्मिटेज ने दिल्ली में घंटों बिताकर भारतीय पक्ष को युद्ध टालने के लिए मनाया और वायदा किया कि विदेश मंत्री कॉलिनपॉवेल पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ से पाकिस्तान के अंदर आतंकी शिविरों को हटाने और पाकिस्तानी धरती से सक्रिय आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बारे में बात कर रहे हैं। पॉवेल आखिरकार सफल हुए और युद्ध टल गया, हालांकि प्रधानमंत्री वाजपेयी खुश नहीं थे। लेकिन साथ ही, उन्हें पता था कि अमेरिका को नाराज करके भारत के लिए पाकिस्तान के साथ युद्ध करना संभव नहीं था।

दिलचस्प बात यह है कि मैं जून 2002में भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच एक अलग असाइनमेंट पर मास्को में था। जिस दिन मैं मास्को से दिल्ली लौट रहा था, मैंने हवाई अड्डे पर पाया कि प्रधानमंत्री के तत्कालीन प्रधान सचिव ब्रजेश मिश्रा भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिल्ली के लिए एक ही उड़ान में सवार थे। मुझे आश्चर्य हुआ क्योंकि प्रधानमंत्री के पास कोई कार्यक्रम नहीं था।

मॉस्को में मिश्रा और वाजपेयी मध्य एशियाई राज्य के दौरे पर थे। मुझे एक अधिकारी ने बताया कि मिश्रा को प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और रूसी अधिकारियों से भारत-पाक गतिरोध पर नवीनतम स्थिति के बारे में बात करने के लिए भेजा था, जो पूरे दक्षिण एशिया को प्रभावित करने वाले किसी भी भारतीय भू-राजनीतिक शतरंज चाल पर रूसी रुख के महत्व को दशार्ता है।

2002 जून की घटना ने प्रदर्शित किया है कि प्रधानमंत्री मोदी को भी पाकिस्तान के खिलाफ कोई भी अंतिम निर्णय लेने से पहले कई कारकों को ध्यान में रखना होगा। टीवी चैनल दावा कर सकते हैं कि हमला आसन्न था। भाजपा समर्थक पाकिस्तान के आने वाले अपमान का इंतजार कर रहे हो सकते हैं। कुछ स्वघोषित विशेषज्ञ आक्रामक टीवी मीडिया पर कह सकते हैं कि पाकिस्तान चार भागों में विभाजित होगा। लेकिन जमीन पर भू-राजनीतिक वास्तविकता काफी अलग है। प्रधानमंत्री मोदी भी इसे जानते हैं।

सैन्य प्रमुखों को कार्रवाई की प्रकृति पर निर्णय लेने की पूरी स्वतंत्रता देने के बाद, प्रधानमंत्री को किसी भी मजबूत कार्रवाई का संकेत देने से पहले यह देखना होगा कि अमेरिका सीमा पार आतंकवाद को रोकने और आतंकी शिविरों को खत्म करने के लिए भारत को क्या आश्वासन दे सकता है।

### सेना तैयार; मोदी समर्थ!

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का बदला वैष्ठसे लेना है, इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों सेनाओं को पूर्ण अधिकार दे दिए हैं। पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने की जिम्मेदारी सेना को सौंपी गई है। अब समय और लक्ष्य क्या होगा? यह भी तय करने का अधिकार सैन्यबलों को दिया गया है। पाकिस्तान के संदर्भ में क्या कदम उठाना है, इसका निर्णय प्रधानमंत्री मोदी राजनीतिक इच्छाशक्ति के आधार पर स्वयं भी ले सकते थे। आखिरकार, मोदी प्रधानमंत्री हैं और वे लगातार पाकिस्तान को सबक सिखाने की बात करते आए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी पाकिस्तान के विषय में आक्रामक रुख दशार्ते हैं और घर में घुसकर मारने की बात पर दृढ़ मत रखते हैं। लेकिन अब जब निर्णय लेने की बारी आई, तब भारतीय सेना को पूरी छूट दे दी गई। घर में घुसकर मारना है या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है। १९७१ में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जनरल सैम मानेकशॉ को सुबह बैठक में बुलाकर मार्च में ही पाकिस्तान पर हमला करने का आदेश दिया था, लेकिन जनरल मानेकशॉ ने तत्काल इनकार कर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री को साफ कहा कि सेना युद्ध के लिए पूर्ण रूप से तैयार नहीं है। इंदिरा गांधी इससे नाराज हुईं। ह्यमौसम, हवा, बर्फ और अन्य हालातों के कारण परिस्थिति अनुकूल नहींह्ण बताते हुए मानेकशॉ ने इंदिरा गांधी से छह महीने का समय मांगा और सौ प्रतिशत जीत की गारंटी दी। वही युद्ध मानेकशॉ के नेतृत्व में लड़ा गया और उसमें पाकिस्तान की करारी हार हुई। पाकिस्तान के दो टुकड़े हुए और यह निर्णय इंदिरा गांधी ने अपनी राजनीतिक इच्छाशक्ति के बल पर लिया था। युद्ध कहां और वैष्ठसे लड़ा जाएगा, इसके सभी अधिकार प्रधानमंत्री गांधी ने सेनाप्रमुखों को दिए, लेकिन युद्ध होगा, यह निर्णय उनका था। अब

**युद्ध करना है या नहीं,**

यह निर्णय प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय सेना पर छोड़ दिया है। दिल्ली में लगातार उच्च स्तरीय बैठकें चल रही हैं। कश्मीर घाटी में पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ४८ पर्यटनस्थलों को बंद करने का निर्णय अब गृह मंत्रालय ने लिया है। इसका मतलब कि सरकार को कश्मीर में जानेवाले लोगों की सुरक्षा को लेकर पूरा भरोसा नहीं है। कश्मीर पूरी तरह सुरक्षित है और आतंकवादमुक्त हो चुका है, सरकार जो लगातार कह रही थी, वह सच नहीं था। पर्यटन स्थल बंद करने का निर्णय जम्मू-कश्मीर सरकार ने लिया है, लेकिन कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के ह्यस्लीपर सेलह्ण फिर से सक्रिय होने की जानकारी केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने दी है। जानकारी मिली है कि आतंकी गतिविधियां होनेवाली हैं और कुछ प्रमुख नेताओं की जान को भी खतरा है। पहलगाम हमले के बाद आतंकवादी हमारे सुरक्षा बलों पर हमले करने की योजना बना रहे हैं, ऐसी जानकारी भी खुफिया विभाग को मिली है। खुफिया एजेंसियों का यह कार्य सराहनीय है, लेकिन सिर्फ उन्हें पहलगाम हमले की पूर्व सूचना नहीं मिली और उससे पहले पुलवामा हमले की भी खबर नहीं मिली थी। ऐसा क्यों हुआ? इसकी गंभीरता से जांच होना आवश्यक है। पहलगाम का आतंकवादी हमला भुलाया नहीं जा सकता। पाकिस्तान एक कमजोर और लाचार देश है। वहां धर्मांध गिरोहों के हाथ में सत्ता की बागडोर है। पाकिस्तान की राजनीति पर सेना का दबदबा है। वहां चुनाव आदि केवल दिखावा हैं। किसे विजयी बनाना है और किसे जेल भेजना है, इसका निर्णय सेना करती है। सेना ने पाकिस्तान में कई बार सरकारों को पलट दिया और खुद हाथ में सत्ता ले ली, लेकिन इन पाकिस्तानी सैनिकों को वास्तविक युद्ध का कोई अनुभव नहीं है। पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों के सीने पर ढेरों पदक और फीते लटकते देख हैरानी होती है।

# नफरत के खिलाफ खड़ी महिलाएं

लोक गायिका नेहा सिंह राठौर लम्बे समय से कट्टरपंथियों के रडार पर हैं। अपने ठेठ देसी अंदाज में लिखे और गाये गीतों से वे सत्ता से कंटीले सवाल करती हैं। देश-प्रदेश की समस्याओं को वे अपने ढंग से उठाती हैं और सत्ता पर चोट करने से कतई नहीं चूकतीं। 'यूपी में का बा?' तथा 'बिहार में का बा?' वाले गीतों की उनकी श्रृंखला खासी लोकप्रिय हुई थी। बदहाली, गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, कोरोना के कुप्रबंधन आदि पर उन्होंने सरकार पर तीखे हमले किये हैं। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर उन्होंने केन्द्र सरकार से अपने गीतों के जरिये सवाल किये जो पार्टी समर्थकों को नागवार नहीं गुजरे। उनके खिलाफ लखनऊ तथा अयोध्या में एफआरआई दर्ज करा दी गयी है। यह भाजपा तथा उनसे जुड़े संगठनों का वही पैंतरा है जिसके अंतर्गत समाज सेवकों, मानवाधिकार कार्यकताओं, पत्रकारों आदि के खिलाफ मामले दज होते हैं। नेहा के खिलाफ राजद्रोह की शिकायत दर्ज की गयी है। हालांकि वे इस बात से घबराई हुई नहीं है और वे लगातार अपने वीडियो प्रसारित कर बतला रही हैं कि वे सत्ता से सवाल करना छोड़ेंगी नहीं। लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रो. माद्री काकोटी भी लम्बे समय से वीडियो डालकर शासकीय कार्य प्रणाली की



खामियां उजागर करती रही हैं। उनके खिलाफ भी पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कर दी गयी है। नेहा तथा माद्री से भाजपा सरकारों की खुन्नस पुरानी है, वैसी ही जिस प्रकार स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा आदि से है जिसके खिलाफ पिछले दिनों उनके कार्यक्रम को लेकर नाराज महाराष्ट्र सरकार ने मामला दज कर लिया था। ये दोनों मामले उनकी अभिव्यक्ति को लेकर रहे हैं, पर इसके विपरीत जो अन्य महिलाएं नफरतियों के कोप का शिकार हो रही हैं, वे हाल के घटनाक्रमों के चलते हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम (कश्मीर) के बैसरन घाटी में आतंकियों की फायरिंग से जो 26 पर्यटक मारे गये, उनमें से एक हिमांशी के पति लेफ्टिनेंट जनरल विनय नरवाल भी थे। 16 अप्रैल को दोनों की शादी हुई थी। इस घटना के बाद हिमांशी ने बेहद संयम व विवेक का परिचय देते हुए लोगों से अपील की कि 'चाहे आतंकियों ने उनके पति को कथित रूप से उनका धर्म पूछकर गोली मारी हो, फिर भी देश के मुसलमानों और कश्मीरियों को टारगेट न किया जाये।' ऐशान्या के पति शुभम द्विवेदी की भी आतंकियों ने हत्या की। उन्होंने इस घटना का ब्यौरा देते हुए कहा कि 'दो हजार पर्यटकों के वहां होने के बावजूद एक भी पुलिस वाला या सुरक्षाकर्मी नहीं था।' उन्होंने इस बात पर दुख जताया कि 'जिस सरकार के भरोसे वे वहां गये थे, उसने हम पर्यटकों को अनाथ छोड़ दिया।'

भाजपा समर्थक इसलिये कुपित हैं कि उन्होंने व्यवस्था में खामी क्यों निकाली। उधर उत्तराखंड के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल नैनीताल की शैला नेगी भी नफरती ब्रिगेड के निशाने पर आ गयी हैं। यहां एक उम्रदराज मुस्लिम ने एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार किया। पुलिस वे आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है लेकिन इसे लेकर वहां जमकर बवाल हो रहा है। वहां अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के साथ मारपीट हो रही है, उनकी सम्पत्तियों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। शैला ने उपद्रव कर रहे हिन्दुओं को समझाने की कोशिश की कि किसी एक व्यक्ति की गलती के लिये पूरे समुदाय को दोषी ठहराना उचित नहीं है। निश्चित ही यह एक समझदारी से भरी और विवेकपूर्ण बात थी लेकिन लोगों का गुस्सा शैला पर भड़क उठा है।

वैसे तो ये सभी महिलाएं अपने विचारों पर अडिग हैं लेकिन उनके खिलाफ जिस तरह से घृणा का सैलाब उमड़ आया है वह बेहद दुखद और बहुत हद तक इनकी सुरक्षा की दृष्टि से चिंताजनक है। नेहा को अपशब्द कहे जा रहे हैं। ये उनके रंग-रूप को लेकर तो हैं ही, उनका चरित्र हनन भी किया जा रहा है। हिमांशी, जिनका वैवाहिक जीवन एक सप्ताह का भी पूरा नहीं हुआ था, उनके बारे में बेहद अशोभनीय टिप्पणियां सोशल मीडिया पर देखी जा रही हैं। कोई उन्हें बचा जीवन किसी मौलवी के साथ बिताने की सलाह दे रहा है तो कोई कह रहा है कि 'वह अपने पति को खा गयी'। ऐशान्या से इसलिये नाराजगी है क्योंकि उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में चूक बतलाई है। शैला को तो सीधे-सीधे बलात्कार करने की तक धमकियां दी जा रही हैं।

## पाकिस्तान ने भारत को फिर दी परमाणु हमले की गीदड़ भभकी

एजेंसी

**मास्को।** पाकिस्तान ने एक बार फिर भारत को परमाणु हमले की गीदड़ भभकी दी है। रूस में पाकिस्तान के राजदूत मोहम्मद खालिद जमाली ने कहा कि यदि भारत हमला करता है तो उनका देश परमाणु हमला करेगा। रसिया टीवी के मुताबिक पाकिस्तान के राजदूत ने दावा किया है कि भारत जल्द ही उनके देश के कुछ हिस्सों पर हमला कर सकता है। ऐसे में पाकिस्तान मूकदर्शक नहीं रहेगा। पाकिस्तान भी पूरी ताकत के साथ इसका मुकाबला करेगा। जरूरत पड़ने पर परमाणु हमले का भी विकल्प खुला है। गौरतलब है कि इससे पहले पाकिस्तान के रेल मंत्री हनीफ अब्बासी भी भारत पर परमाणु हमले की धमकी दे चुके हैं। उन्होंने कहा था कि शाहीन, गौरी और गजनवी जैसी मिसाइलें चौराहों पर सजाने के लिए नहीं रखी हैं। यह सभी भारत के लिए ही हैं।

## भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान ने अब्दाली मिसाइल का परीक्षण किया

**इस्लामाबाद।** भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से दोनों देशों के बीच उपजे तनाव के बीच आज पाकिस्तान ने अब्दाली मिसाइल का परीक्षण किया। जियो न्यूज चैनल ने एक्ट अकाउंट पर पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के हवाले से यह जानकारी साझा की। आईएसपीआर ने कहा कि 450 किलोमीटर रेंज वाली अब्दाली हथियार प्रणाली का प्रशिक्षण प्रक्षेपण सैनिकों की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करने के लिए किया गया है। इसका परीक्षण सफल रहा। इस दौरान सेना सामरिक बल कमान के कमांडर, सामरिक योजना प्रभाग, सेना सामरिक बल कमान के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुखों ने इसके लिए वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी।

## पश्चिमी टेक्सास में महसूस हुए भूकंप के झटके, 5.3 रही तीव्रता

**पश्चिमी टेक्सास।** पश्चिमी टेक्सास में शनिवार रात (स्थानीय समय) 5.3 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने इसकी पुष्टि की। भूकंप 7:47 बजे (स्थानीय समय) आया। यह न्यू मैक्सिको के व्हाइट्स सिटी से करीब 35 मील दक्षिण में हुआ, जो टेक्सास के मिडलैंड और एल पासो शहरों के बीच के क्षेत्र में है। यूएसजीएस के अनुसार, इस क्षेत्र में कम आबादी होने के कारण लोगों पर भूकंप का सीमित प्रभाव पड़ा। जिससे भूस्खलन या मिट्टी धंसने की संभावना भी बहुत कम थी। इससे पहले, यूरोपियन-मेडिटेरेनियन सिस्मोलॉजिकल सेंटर (ईएमएससी) ने भूकंप की तीव्रता 6.5 मापी थी और इसका केंद्र टेक्सास के पेकोस से लगभग 50 मील पश्चिम और वैन हॉर्न से 45 मील उत्तर-पूर्व में बताया था। स्वतंत्र वैज्ञानिक निकाय ने एक्स पर बताया कि अगले कुछ घंटों या दिनों में भूकंप के झटके आने की संभावना है। ईएमएससी ने अपने एडवाइजरी में कहा, 'जब तक जरूरी न हो, अपनी सुरक्षा के लिए क्षतिग्रस्त क्षेत्रों से दूर रहें। सावधान रहें और राष्ट्रीय अधिकारियों की जानकारी का पालन करें। 'एजेंसी के अनुसार, भूकंप के झटके अमेरिका और मैक्सिको में 200 मील के दायरे में लगभग दो मिलियन लोगों ने महसूस किए। बता दें कि यह घटना चिली और अर्जेंटीना के दक्षिणी तटों पर आए 7.4 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के ठीक एक दिन बाद हुई।

## दक्षिण-पश्चिमी सूडान में दो दिनों में अर्धसैनिक हमलों में 300 लोगों की मौत

**खार्तूम।** दक्षिण-पश्चिमी सूडान के पश्चिमी कोर्डोफन राज्य के अल-नुहूद शहर पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमलों में कम से कम 300 लोग मारे गए। यह जानकारी सूडान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को दी। मंत्रालय के एक बयान में कहा कि ये हमले पिछले दो दिनों में हुए हैं और आरएसएफ पर मानवता के विरुद्ध अपराध करने का आरोप लगाया। उसने कहा कि हत्याएं जातीय आधार पर की गई हैं। मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और अन्य अंतर्राष्ट्रीय पक्षों से आरएसएफ की कार्रवाइयों के प्रति अपनी उदारता समाप्त करने का फिर से आह्वान किया। स्वतंत्र मानवीय समूह, सूडानी डॉक्टर्स सिंडिकेट की प्रारंभिक समिति ने भी 15 महिलाओं और 21 बच्चों सहित 300 से ज्यादा लोगों की मौत की पुष्टि की है। आरएसएफ ने अभी तक आरोपों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। शुक्रवार को आरएसएफ ने घोषणा किया कि उसने अल-नुहूद पर नियंत्रण कर लिया है, दोनों पक्षों के बीच झड़पों के बाद शहर में सूडानी सेना की 18वीं इन्फैंट्री डिवीजन के मुख्यालय पर कब्ज़ा कर लिया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सेना और आरएसएफ के बीच चल रहे संघर्ष, जो अप्रैल 2023 के मध्य में शुरू हुआ था, में हजारों लोग मारे गए हैं, 1.5 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं, और सूडान को दुनिया के सबसे खराब मानवीय संकटों में से एक का सामना करना पड़ रहा है।देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली ध्वस्त हो गई है और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि सूडान अकाल के कगार पर है।

# नेपाल में पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन का दौर जारी, मैत्री पार्क का निर्माण कार्य बंद

एजेंसी

**काठमांडू।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले के विरोध में नेपाल में पाकिस्तान के खिलाफ लगातार विरोध-प्रदर्शन का दौर जारी है। पिछले हफ्ते काठमांडू से शुरू हुआ यह विरोध-प्रदर्शन देश के अलग-अलग शहरों तक पहुंच गया है। विरोध-प्रदर्शन के साथ ही मैत्री पार्क का निर्माण कार्य भी बंद करवा दिया गया है। इसका निर्माण पाकिस्तानी दूतावास करवा रहा है।भारतीय सीमा से सटे हुए नेपाली क्षेत्र में भी पाकिस्तान को लेकर विरोध प्रदर्शन का दौर जारी है। तराई मधेश के प्रमुख शहर बीरगंज, जनकपुर, सिरहा, विराटनगर, नेपालगंज, भैरहवा, लुंबिनी और धनगढ़ी में पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पाकिस्तान की सरकार और सेना के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। आतंकी घटना से नाराज लोगों ने



पाकिस्तानी सेना प्रमुख की तस्वीर को जलाकर अपना विरोध प्रकट किया। एक नेपाली नागरिक सहित 26 लोगों की हत्या के विरोध में लोगों में जबरदस्त नाराजगी देखने को मिल रही है। खासकर हिंदू होने के कारण यह हत्या किए जाने से लोगों में पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा दिख रहा है। इसी बीच, सिरहा में स्थानीय नगरपालिका द्वारा बनाए जा रहे नेपाल पाकिस्तान मैत्री पार्क के निर्माण कार्य को भी रोक दिया गया है। आतंकी घटना के विरोध में प्रदर्शन कर रहे धर्मराज हिंदू सेना के प्रमुख संरक्षक विकास ठाकुर और इस संस्था के अध्यक्ष हनी सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने नेपाल पाकिस्तान मैत्री पार्क के निर्माण स्थल पर जाकर इसके निर्माण कार्य को तत्काल बंद करने की चेतावनी दी थी। लोगों के विरोध के कारण वहां का निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है। विकास ठाकुर ने बताया कि नेपाल में पाकिस्तानी दूतावास के सहयोग से भारतीय सीमा के नजदीक यह मैत्री पार्क के नाम पर जो निर्माण कार्य हो रहा है, उसे हमेशा के लिए बंद करने की चेतावनी दी गई है। उन्होंने कहा कि यदि दोबारा इसका निर्माण कार्य शुरू किया गया तो पुनः इसका विरोध किया जाएगा। हनी सिंह ने बताया कि एक तरफ पाकिस्तान आतंकवाद को प्रश्रय दे रहा है वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तानी दूतावास के सहयोग से मैत्री पार्क के निर्माण का ढोंग किया जा रहा है जो कि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पाकिस्तानी दूतावास को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि वह अपने आर्थिक सहयोग से सिरहा में बनाए जा रहे नेपाल पाकिस्तान मैत्री पार्क का निर्माण कार्य तत्काल बंद करें और इसे दोबारा शुरू करने की कोशिश ना करें अन्यथा जो भी अब तक निर्माण कार्य किया गया है उसे स्थानीय लोग ध्वस्त कर देंगे।

## भारत से डरे पाकिस्तान ने अब लगाई तुर्किये के सामने गुहार

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा दिखाए जा रहे कड़े रुख से पाकिस्तान खासा भयभीत है। अंतर्राष्ट्रीय जगत से लगातार गुहार लगा रहा है। अब पाकिस्तान ने तुर्किये के सामने घड़ियाली आंसू बहाते हुए मदद की गुहार लगाई है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने देर रात इस्लामाबाद में तुर्किये के राजदूत डा. इरफान नेजिरोग्लू से बात कीं। सफाई देते हुए कहा कि पहलगाम हमले में पाकिस्तान का कोई हाथ नहीं हैं। साथ ही प्रस्ताव रखा कि वह इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय देशों की टीम से जांच को तैयार हैं। इस जांच टीम में तुर्किये भी शामिल हो और पाकिस्तान को न्याय दिलाए। पाकिस्तान अखबार डान के मुताबिक तुर्किये के राजदूत से बात कर पाकिस्तान ने अपना पक्ष उनके सामने रखा है।गौरतलब है कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने एक ओर सेना को कार्रवाई की कड़ी छूट दे दी है, वहीं



सिंधु जल संधि को रद्द कर दिया है। इसके अलावा भारत में रह रहे सभी पाकिस्तानियों को निकाल बाहर किया है। सभी व्यापारिक गतिविधियों के साथ ही डाक सेवा और हवाई उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिय गया है। इसके चलते पाकिस्तान में कोहराम मच गया है।

## नेपाल के प्रधानमंत्री ने बदले सुर, कहा- युद्ध हुआ तो किसी के पक्ष में नहीं

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने कहा कि यदि दक्षिण एशिया में दो देशों के बीच में युद्ध हुआ तो नेपाल किसी भी एक देश का पक्ष नहीं लेगा। नेपाल किसी एक देश के लिए दूसरे देश से दुश्मनी नहीं कर सकता। सुबह अपनी पार्टी की संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि नेपाल हमेशा ही शांति के पक्ष में रहा है और आगे भी रहेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ रहे तनाव के बीच नेपाल के प्रधानमंत्री की यह अभिव्यक्ति चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया में युद्ध का माहौल बन रहा है। ऐसे में नेपाल न किसी देश के पक्ष में रहने वाला है और न ही किसी देश के खिलाफ रहने वाला है। नेपाल असंलग्न विदेश नीति का समर्थन करता है, इसलिए युद्ध की अवस्था में वो किसी भी सैन्य गठबंधन का समर्थन नहीं कर सकता है। ओली ने अपने सांसदों से कहा कि हम किसी भिन्नता के युद्ध का



पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बनने का जिक्र करते हुए समर्थन नहीं करते हैं। दोनों देशों को वार्ता के माध्यम से इस समस्या का समाधान करना चाहिए।

## जनरल मुनीर पहुंचे रावलपिंडी, सेना मुख्यालय में शीर्ष सैन्य कमांडरों से की चर्चा

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल सैयद असीम मुनीर आज रावलपिंडी स्थित जनरल हेडक्वार्टर (जीएचक्यू) पहुंचे। उन्होंने मुल्क के शीर्ष सैन्य कमांडरों से चर्चा में भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच उपजे तनाव और संभावित सैन्य टकराव पर तैयारियों की समीक्षा की। जीएचक्यू मुल्क की सेना का मुख्य मुख्यालय है। यह सेना के परिचालन, रणनीतिक नियोजन और विभिन्न सैन्य गतिविधियों का केंद्र है। पाकिस्तान के अखबार द नेशन ने इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के बयान के हवाले से खबर में कहा है कि जनरल मुनीर ने इस अवसर पर विशेष कोर कमांडर सम्मेलन की अध्यक्षता की। इस दौरान मौजूदा भू-रणनीतिक हालात की व्यापक समीक्षा की। इसमें पाकिस्तान-भारत गतिरोध और क्षेत्रीय सुरक्षा पर विशेष जोर दिया



गया। सम्मेलन में किसी भी आक्रमण या दुस्साहस के खिलाफ मुल्क की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए पाकिस्तान सशस्त्र बलों के संकल्प को दोहराया गया। इस दौरान कहा गया कि पहलगाम हमले की आड़ में भारत राजनीतिक और सैन्य उद्देश्यों को प्राप्त करने की फिराक में है। भारत 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त कर अपने भावी कदमों का संकेत पहले ही दे चुका है। सैन्य कमांडरों ने कहा कि सिंधु जल संधि को स्थगित करना अस्वीकार्य है। यह संधि पाकिस्तान की जीवनरेखा है। इस दौरान कहा गया कि अगर भारत आक्रमण करता है तो उसका माकूल जवाब दिया जाएगा।

# सिंगापुर आम चुनाव 2025: प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की पीएपी को दो-तिहाई बहुमत

एजेंसी

**सिंगापुर।** सिंगापुर में हुए आम चुनावों में सत्तारूढ़ पीपल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) ने एक बार फिर भारी बहुमत के साथ जीत दर्ज की है, जिससे उसका छह दशकों से चला आ रहा सत्ता का सिलसिला और मजबूत हुआ है। यह चुनाव प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के नेतृत्व में पार्टी का पहला चुनाव था, जिन्होंने मई 2024 में ली सीन लूंग के स्थान पर पदभार संभाला था। प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के नेतृत्व वाली पीपल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) ने चुनाव में शानदार जीत दर्ज करते हुए दो-तिहाई से अधिक बहुमत हासिल किया है। पीएपी ने 97 में से 87 सीटों पर जीत हासिल की, जिसमें से 5 सीटें बिना विरोध के जीती गईं। जबकि मुख्य विपक्षी दल वर्कर्स पार्टी (डब्ल्यूपी) ने अपनी 10 सीटों को बरकरार रखा। यह परिणाम 2020




के चुनावों से बेहतर है, जब पीएपी ने 83 सीटें जीती थीं। पीएपी की यह ऐतिहासिक जीत देश की स्थिरता और राजनीतिक भरोसे को दर्शाती है, जहां पार्टी आजादी के बाद से सत्ता में बनी हुई है। इस चुनाव में कुल 2.6 मिलियन (26 लाख) नागरिकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिनमें 65.57 प्रतिशत मत पीएपी के खाते में गए। चुनाव परिणाम आने के बाद, प्रधानमंत्री वोंग ने मार्सिलिंग-यू टी जीआरसी सीट से मिली जीत को अपने लिए एक ÷विनम्र अनुभव÷ बताया। उन्होंने देशवासियों के विश्वास के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, हम आपके मजबूत जनादेश के लिए कृतज्ञ हैं। हम इस विश्वास को निभाने के लिए और भी अधिक मेहनत करेंगे। 52 वर्षीय वोंग ने ऐसे समय पर यह चुनाव लड़ा जब वैश्विक अर्थव्यवस्था अमेरिकी व्यापार प्रतिबंधों की वजह से दबाव में है। उन्होंने इस चुनौतीपूर्ण वातावरण में देश की आर्थिक स्थिरता बनाए रखने का भरोसा दिया। वोंग ने युवा मतदाताओं को जोड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया का प्रभावी इस्तेमाल किया। चुनाव में उनके नेतृत्व को व्यापक जनसमर्थन मिला, जिससे पीएपी की मजबूत पकड़ एक बार फिर सिद्ध हुई है।

## रुस की विक्ट्री परेड में शामिल होने वाले मेहमानों को हो सकता है खतरा: जेलेंस्की

एजेंसी

**कीव।** रूस में नौ मई को होने जा रही 80वीं विक्ट्री परेड में शामिल होने वाले मेहमानों के लिए जान का खतरा हो सकता है। इस तरह की धमकी यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने दी है। उन्होंन रूस द्वारा तीन दिवसीय सीज फायर के प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया है। आरबीसी न्यूज पोर्टल के मुताबिक जेलेंस्की ने साफ तौर पर चेतावनी भी दी है कि रूस की विक्ट्री परेड में आने वाले मेहमानों की सुरक्षा की गारंटी नहीं हैं। विक्ट्री परेड के दौरान यदि कुछ हुआ तो उसकी जिम्मेदारी हमारी नहीं होगी। पुतिन द्वारा नाजी जर्मनी के ऊपर जीत के उपलक्ष में तीन दिन का युद्ध विराम का प्रस्ताव देना एक मजाक भर है। यह प्रस्ताव रूस द्वारा एक धोखा देने के सिवाय कुछ भी नहीं हैं।गौरतलब है कि दूसरे विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर अपने जीत के 80 साल पूरे होने पर रूस द्वारा विक्ट्री परेड का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य कार्यक्रम मास्को रेड स्क्वायर पर होगा। इस आयोजन को देखते हुए रूस द्वारा तीन दिन के सीज फायर का प्रस्ताव बीते दिन दिया गया था। उधर इस परेड में शामिल होने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी न्यौता मिला है, लेकिन वह इस कायर्क्रम में शामिल नहीं होंगे। उसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जाने की बात आई थी, लेकिन वह भी इसमें भाग नहीं लेंगे।

# अमेरिका में कुख्यात यौन अपराधी के घर से लापता किशोरी बरामद, कोई वकील पैरवी को तैयार नहीं

एजेंसी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के उत्तरी कोलोराडो प्रांत के फोर्ट कॉलिन्स में रहने वाले एक कुख्यात यौन अपराधी के घर से एक लापता किशोरी को फोर्ट कॉलिन्स पुलिस ने बरामद किया है। 16 वर्षीय यह लड़की मिसौरी (कोलंबिया) की रहने वाली है। मिसौरी से उत्तरी कोलोराडो की दूरी लगभग 700 मील है। यूएसए टुडे समाचार पत्र के अनुसार, फोर्ट कॉलिन्स पुलिस के जासूसों ने किशोरी को बरामद करने में फूंक-फूंक कर कदम आगे बढ़ाए। इसके बाद 44 वर्षीय मैक्सिमिलियन बॉन्ड्रेस्कु को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उसे लैरीमर काउंटी जेल में रखा गया है। ऑनलाइन कोर्ट रिकॉर्ड के अनुसार, उसका बॉन्ड 500,000 डॉलर निर्धारित

> **बॉन्ड्रेस्कु से पहले इस बात से इनकार किया कि उसके घर पर कोई लड़की है। जासूसों के तलाशी लेने पर लापता लड़की मिल गई।**

किया गया है। इस पर पांच मई को सुबह 8:30 बजे सुनवाई होगी। फिलहाल कोई भी वकील उसकी पैरवी करने के लिए तैयार नहीं है। आठवें न्यायिक जिले में जिला अटॉर्नी के फोर्ट कॉलिन्स कार्यालय ने पुष्टि की है कि दो मई तक बॉन्ड्रेस्कु के पास कोई वकील नहीं था। इस लड़की के 06 दिसंबर, 2024 को स्कूल न पहुंचने पर परिजनों ने लापता होने की सूचना पुलिस को दी थी। फोर्ट कॉलिन्स पुलिस सेवा के बयान के अनुसार, मैक्सिमिलियन बॉन्ड्रेस्कु पंजीकृत यौन अपराधी है। मई 2019 में उसपर दोष सिद्ध हो चुका है। ऑनलाइन कोर्ट रिकॉर्ड में यह साक्ष्य दर्ज है। इसके अलावा उसके खिलाफ अपहरण, हमला और बाल यौन शोषण का आरोप भी है। फोर्ट कॉलिन्स पुलिस के बयान के अनुसार, 18 अप्रैल को मिसौरी साइबर अपराध टास्क फोर्स के एक जासूस ने उनके साइबर अपराध इकाई से संपर्क कर मदद मांगी। मिसौरी के जासूस ने संभावना जताई कि लापता लड़की फोर्ट कॉलिन्स पुलिस क्षेत्र में हो सकती है। इसके बाद फोर्ट कॉलिन्स पुलिस के जासूसों ने एक घर पर नजर रखी। फिर इस घर की तलाशी वारंट हासिल किया। बॉन्ड्रेस्कु से पहले इस बात से इनकार किया कि उसके घर पर कोई लड़की है। जासूसों के तलाशी लेने पर लापता लड़की मिल गई। जासूसों को बॉन्ड्रेस्कु के घर पहुंचने में लापता लड़की के इंस्टाग्राम अकाउंट पर किए अपडेट से काफी मदद मिली।

## पाकिस्तान ने भारत के आईएमएफ ऋण समीक्षा प्रयास को 'राजनीति से प्रेरित' बताया

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारत द्वारा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से उसकी आर्थिक सहायता की समीक्षा कराने की मांग को राजनीतिक से प्रेरित करार दिया है। यह बयान ऐसे समय आया है जब आईएमएफ की कार्यकारी बोर्ड की बैठक 09 मई को पाकिस्तान के साथ उसके विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) कार्यक्रम की पहली समीक्षा और लचीलापन और स्थिरता सुविधा के तहत नई व्यवस्था पर चर्चा के लिए निर्धारित है।भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले, जिसमें 26 निर्दोष पर्यटक मारे गए, के बाद आईएमएफ सहित वैश्विक बहुपक्षीय एजेंसियों से पाकिस्तान को दी जा रही आर्थिक सहायता की समीक्षा करने की मांग की है। भारत का कहना है कि हमले में शामिल पांच आतंकियों में से तीन पाकिस्तानी नागरिक हैं। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 24 अप्रैल को एक उच्च स्तरीय बैठक में देश के दुश्मनों को उनकी कल्पना से परे सजा देने का संकल्प लिया था। इस्लामाबाद ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए एक निष्पक्ष अंतरराष्ट्रीय जांच की मांग की है। पाकिस्तान के अधिकारियों का कहना है कि भारत की यह कोशिश उसकी उस राजनीतिक मुहिम का हिस्सा है, जिसके जरिए वह पाकिस्तान को वैश्विक मंच पर अलग-थलग करना चाहता है। पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय के सलाहकार खुर्रम शहजाद ने कहा कि आईएमएफ के साथ 7 अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है और यह देश की आर्थिक स्थिरता के लिए अत्यंत आवश्यक है।

मार्च 2025 में पाकिस्तान को 1.3 अरब डॉलर की जलवायु लचीलापन निधि भी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा, यह कार्यक्रम केवल अर्थव्यवस्था को स्थिर नहीं कर रहा है, बल्कि वैश्विक निवेशकों में विश्वास भी जगा रहा है। पाकिस्तान का दावा है कि हाल ही में वॉशिंगटन में आईएमएफ और अन्य वैश्विक वित्तीय संस्थानों के साथ बैठकें सकारात्मक रही हैं और निवेशकों की रुचि बनी हुई है।

## ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने लगातार दूसरा कार्यकाल जीता

एजेंसी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए लगातार दूसरा तीन वर्षीय कार्यकाल प्राप्त किया है। वे पिछले 21 वर्षों में पहले प्रधानमंत्री बने हैं, जिन्हें लगातार दूसरी बार जनादेश मिला है। इससे पहले जॉन हावर्ड ने 2004 में लगातार चार बार चुनाव जीतकर ऑस्ट्रेलियाई राजनीति में बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। आए चुनाव नतीजों के बाद विपक्षी नेता पीटर डटन ने अपनी हार स्वीकार करते हुए कहा, नतीजों से स्पष्ट है कि हमने इस चुनाव अभियान में पर्याप्त प्रयास नहीं किए। मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री को कॉल कर उनकी ऐतिहासिक जीत की बधाई दी है। यह लेबर पार्टी के लिए एक विशेष अवसर है और हम इसका सम्मान करते हैं। ऑस्ट्रेलियाई चुनाव आयोग के अनुसार, अल्बानीज की सत्तारूढ़ सेंटर-लेफ्ट लेबर पार्टी ने 150 सदस्यीय निचले सदन (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) में 89 सीटें हासिल की हैं, जबकि विपक्षी कंजरवेटिव गठबंधन को मात्र 38 सीटें मिलीं। वहीं, 13 सीटों पर स्वतंत्र और छोटे दलों के उम्मीदवारों कब्जा है।

# पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री का 'एक्स' अकाउंट भारत में ब्लॉक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार पाकिस्तान के खिलाफ लगातार सख्त रुख अपनाती हुई नजर आ रही है। इसके अलावा, सरकार देश के खिलाफ जहर उगलने वाले पाकिस्तानी नेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट्स को भारत में बैन कर रही है। इसी कड़ी में रविवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख इमरान खान और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के एक्स अकाउंट को ब्लॉक कर दिया गया है। भारत में इमरान खान और बिलावल भुट्टो के एक्स को सर्च करने पर अकाउंट की प्रोफाइल पिक्चर और कवर इमेज ब्लैंक नजर आ रही है। इसके साथ ही एक संदेश भी लिखा हुआ दिख रहा है, जिसमें कानूनी बाध्यता का जिक्र है। इससे पहले, पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार के एक्स अकाउंट को भी भारत में बैन कर दिया गया है। तरार ने हाल ही में दावा किया था कि इस्लामाबाद के पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी है, जिससे पता चलता है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद नई दिल्ली 24 से 36 घंटे के भीतर पड़ोसी देश पर सैन्य हमला कर सकता है। इसके अलावा, भारत ने शुक्रवार को ही पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आधिकारिक यूट्यूब अकाउंट को भी ब्लॉक



कर दिया था। शरीफ का चैनल अब तक का सबसे हाई-प्रोफाइल सोशल मीडिया अकाउंट है, जिसे भारत सरकार ने ब्लॉक किया। शहबाज शरीफ के ब्लॉक किए गए प्रोफाइल में लिखा है, ÷राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित सरकार के आदेश के कारण यह कंटेंट फिलहाल इस देश में उपलब्ध नहीं है। सरकार की तरफ से हटाए जाने के अनुरोधों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया गूगल पारदर्शिता रिपोर्ट देखें।÷ भारत सरकार इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के एक्स अकाउंट को ब्लॉक कर चुकी है। ब्लॉक किए गए प्रमुख यूट्यूब चैनलों में पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर, पत्रकार आरजू काजमी और कमेंटेटर सैयद मुज्जमिल शाह के चैनल शामिल हैं। ओलंपियन अरशद नदीम का इंस्टाग्राम अकाउंट और पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी के यूट्यूब अकाउंट भी सस्पेंड किए गए हैं। 30 अप्रैल को, प्रमुख पाकिस्तानी अभिनेत्रियों हनिया आमिर और माहिरा खान के इंस्टाग्राम प्रोफाइल को ब्लॉक कर दिया गया। केंद्र की मोदी सरकार की ओर से की जा रही ये कार्रवाइयां 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर की गई, जिसमें 26 लोगों की हत्या कर दी गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित पाकिस्तानी आतंकी समूह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के प्रतिनिधि द रेजिस्टेंस फोर्स (टीआरएफ) ने ली थी। हालांकि, बाद में उसने अपनी संलिप्तता से इनकार कर दिया था। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। नई दिल्ली ने इस्लामाबाद के खिलाफ कई सख्त कूटनीतिक और रणनीतिक कदम उठाए हैं। इनमें 1960 के सिंधु जल समझौते को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने, अटारी इंटिग्रेटेड चेक पोस्ट को बंद करने, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करना शामिल हैं।

## पूर्वोत्तर को मिला खेलों का नया तोहफा, अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले में बना 'खेलो इंडिया मल्टीपरपज हॉल'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर भारत के खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले में 'खेलो इंडिया मल्टीपरपज हॉल' का उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्य के मंत्री केंटो जिनी और न्यातो डुकम के साथ-साथ विधायक रोटॉम तेबिन भी मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस विजन को दर्शाती है कि देश के हर कोने की प्रतिभा को पहचान मिलनी चाहिए। अरुणाचल प्रदेश के युवाओं में असीम संभावनाएं हैं और इस प्रकार की सुविधाओं से वे खेलों में देश का नाम रोशन करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने स्थानीय युवाओं और खिलाड़ियों से बातचीत भी की और उन्हें इस सुविधा का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने युवाओं से फिटनेस, खेल और अनुशासन को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। इस कार्यक्रम में भारतीय खेल प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी, राज्य सरकार के प्रतिनिधि और कई स्थानीय गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। यह आधुनिक मल्टीपरपज हॉल केंद्र सरकार द्वारा पूरी तरह वित्तपोषित है और इसकी लागत 8 करोड़ रुपये है।

## सुदीरमन कप 2025 : डिफेंडिंग चैंपियन चीन ने जापान को 3-0 से हराकर फाइनल में बनाई जगह

**बीजिंग।** सुदीरमन कप 2025 में डिफेंडिंग चैंपियन चीन ने जापान को 3-0 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। इस शानदार जीत के साथ चीन अब रिकॉर्ड 14वें खिताब के बेहद करीब पहुंच गया है। घरेलू दर्शकों के सामने खेले गए इस मुकाबले में चीन ने हर मुकाबले में अपना दबदबा दिखाया।चीन के वर्ल्ड नंबर 2 मिक्स्ड डबल्स जोड़ी फेंग यांझे और हुआंग डोंगपिंग ने मुकाबले की दमदार शुरुआत करते हुए जापान के हिरोकी मिदोरिकावा और अरिसा इगाराशी को 21-11, 21-17 से हराया। इसके बाद टॉप सीड शि यूकी ने पुरुष सिंगल्स में जापान के कोदाई नाराओका को 21-8, 21-16 से आसानी से हराकर चीन को 2-0 की बढ़त दिला दी। महिला सिंगल्स में मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जहां जापान की अकाने यामागुची ने पहले गेम में जीत दर्ज कर वापसी की उम्मीद जगाई। हालांकि चीन की चेन युफेई ने जबरदस्त वापसी करते हुए 17-21, 21-9, 21-16 से जीत हासिल की और चीन को क्लीन स्वीप दिला दिया। 13 बार की विजेता चीन अब फाइनल में साउथ कोरिया और 1989 की चैंपियन इंडोनेशिया में से किसी एक से भिड़ेगी। इन दोनों टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबला शाम खेला जाना है।

## वो कागज पैन लेकर मीटिंग में आता है... दिनेश कार्तिक ने की यश दयाल की तारीफ

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की चिन्नास्वामी में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ महज 2 रन की जीत को यश दयाल ने साकार कर दिखाया। आखिरी ओवर में जब चेन्नई को महज 13 रन चाहिए थे तो यश ने एक छक्का खाने के बावजूद ओवर में 10 रन ही दिए। अपनी शानदार गेंदबाजी के लिए यश दयाल ने प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी जीता। वहीं, आरसीबी के मेंटोर और बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक भी उनकी तारीफ करते नजर आए। उन्होंने दयाल के काम करने के तरीके पर बात की। उन्होंने कहा कि यहां शब्द का सही चयन है - काम करने की नैतिकता उसे पता है। वह भारत के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है, युवा क्रिकेटरों में एक बात जो आप देखते हैं वह यह है कि वे पर्दे के पीछे कितनी मेहनत करते हैं, यश एक ऐसा व्यक्ति है जो बहुत मेहनती है, एक कागज लेकर मीटिंग में आता है और वह सब कुछ लिखता है जो वह करना चाहता है। कई बार वह इसमें सफल नहीं होता लेकिन वह प्रयास करता है। कार्तिक ने कहा कि उसके पास हमेशा एक योजना होती है, उसके पास एक विशेष कौशल है और यही एक कारण है कि हमने उसे बनाए रखा।

## शमी की फॉर्म भारत के लिए चिंता का विषय

**मुंबई।** इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने शुरु होने वाले हाई-प्रोफाइल दौरे से पहले अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फॉर्म भारतीय टीम के लिये चिंता का विषय बनी हुयी है। घुटने की चोट के कारण 2023 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के बाद एक साल से अधिक समय तक खेल से बाहर रहने वाले शमी ने आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम में वापसी की थी। भारत के अजेय खिताबी अभियान में शमी ने नौ विकेट चटका कर अहम भूमिका अदा की थी। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि मौजूदा आईपीएल सीजन में 34 वर्षीय शमी का हालिया फॉर्म भारत को इंग्लैंड दौरे के लिए चिंता का विषय बना देगा। चोपड़ा ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, वह अपनी प्रतिभा के अनुसार प्रदर्शन करने के लिये संघर्ष करते दिख रहें हैं। सही कहूं तो दाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के बाद से कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाया है। यह एक बड़ा सवाल है। वह पिछले हफ्ते या पिछले महीने चोट से वापस आये हैं। उन्होने पिछले साल घरेलू क्रिकेट खेलना शुरू किया था और अब मई आ चुका है।

# आईपीएल 2025 : रोमांचक मुकाबले में आरसीबी ने सीएसके को 2 रन से हराया

एजेंसी

**सिंगापुर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 52वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर 2 रन की रोमांचक जीत हासिल की। आरसीबी की टीम 16 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गई है। यह बेंगलुरु की लगातार चौथी जीत है। जबकि प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी चेन्नई ने लगातार चौथा मैच गंवाया। बेंगलुरु ने उसे इस सीजन के दोनों मैच में हराया। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 213 रन का स्कोर खड़ा किया। आरसीबी के लिए विराट कोहली और जैकब बैथल ने शानदार शुरुआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 9.5 ओवर में 97 रन का साझेदारी की। यह जोड़ी बैथन (53 रन) के आउट होने से टूटी। इसके



बाद देवदत्त पडिक्कल (17 रन), कप्तान रजत पाटीदार (11 रन) और जीतेश शर्मा (7 रन) के विकेट जल्दी गिरे। लेकिन दूसरे छोर पर कोहली खेलते रहे और इस आईपीएल सीजन का सातवां अर्धशतक लगाया। हालांकि वो अपनी पारी को ज्यादा दूर नहीं ले जा सके और 62 रन के निजी योग पर आउट हुए। आखिर में रोमारियो शेफर्ड की 14 गेंदों में नाबाद 53 रन की धमाकेदार पारी ने टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचा दिया। टिम डेविड 2 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई की ओर से मथीशा पथिराना ने तीन विकेट चटकाए, जबकि नूर अहमद और सैम करन को एक-एक सफलता मिली। वहीं, 214 रन का पीछा करने उतरी चेन्नई की टीम भी रफ्तार की गाड़ी पर सवार रही। टीम को ओपनर आयुष म्हात्रे और शेक राशिद ने तेजी से रन बनाते हुए 4.3 ओवर में टीम का स्कोर 51 तक पहुंचा दिया। हालांकि इसी स्कोर पर टीम को पहला झटका राशिद (14 रन) के तौर पर लगा। इसके बाद सैम करन भी मात्र 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। फिर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए रविंद्र जडेजा ने म्हात्रे का जोरदार साथ दिया। दोनों के बीच 64 गेंदों में 114 रन की साझेदारी हुई। इस बीच म्हात्रे 94 रन बनाकर आउट हो गए। आखिर में डेवाल्ड ब्रेविस (शून्य रन), महेंद्र सिंह धोनी (12 रन) भी ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिके। आखिर में तीन गेंदों पर 13 रन की जरूरत थी तो शिवम दुबे बैटिंग करने आए और पहली गेंद पर 6 रन मारा, जो नो बॉल भी हुई। लेकिन अगली दो गेंदों पर कोई बाउंड्री नहीं आई और चेन्नई लक्ष्य से दो रन दूर रह गई। आरसीबी के लिए लुंगी नगिडी ने तीन बल्लेबाजो को आउट किया। जबकि क्रुणाल पांड्या और यश दयाल को एक-एक सफलता मिली।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में संत जेवियर्स की धमाकेदार जीत

एजेंसी

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) जिला में जारी ज्ञानचंद जैन अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए मुकाबले में संत जेवियर्स इंग्लिश स्कूल ने संत विवेका इंग्लिश स्कूल को 103 रनों से करारी शिकस्त दी। इस जीत में बल्लेबाज़ कृपा सिंधु चंदन का अहम योगदान रहा, जो मात्र एक रन से शतक चूक गए। जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में संत जेवियर्स इंग्लिश स्कूल ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी टीम ने 20 ओवरों में 203 रन बनाए और केवल चार विकेट गंवाए। बल्लेबाज़ कृपा सिंधु चंदन ने विस्फोटक अंदाज़ में नाबाद 99 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल थे। उन्होंने पूरे मैदान पर शॉट्स की झड़ी लगा दी और दर्शकों को रोमांचित कर दिया। टीम के अन्य बल्लेबाज़ों ने भी संयमित और आक्रामक बल्लेबाज़ी करते हुए कृपा सिंधु को पूरा सहयोग दिया, जिससे टीम एक मजबूत स्कोर खड़ा कर सकी। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी संत विवेका इंग्लिश स्कूल की टीम शुरुआत से ही दबाव में दिखी। विपक्षी गेंदबाज़ों की धारदार गेंदबाज़ी और अनुशासित फील्डिंग के सामने उनकी एक न चली और पूरी टीम 16.2 ओवर में महज़ 100 रन पर सिमट गई। सबसे बड़ी विफलता यह रही कि उनकी छह बल्लेबाज़ बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गईं। संत जेवियर्स की जीत में गेंदबाज़ों और क्षेत्ररक्षकों की भी अहम भूमिका रही। तेज और सटीक गेंदबाज़ी के साथ-साथ मैदान पर चुस्ती-फुर्ती ने विरोधी टीम को कोई मौका नहीं दिया। मैच के बाद कृपा सिंधु चंदन को उनकी विस्फोटक बल्लेबाज़ी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## ब्रैड हैडिन ने की पंजाब किंग्स के युवा खिलाड़ियों की सराहना, बोले- 'टीम को मिला असली गहराई का फायदा'

एजेंसी

**धर्मशाला।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 अब निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुका है और पंजाब किंग्स अपनी दूसरी घरेलू लीग की शुरुआत 04 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले से करेगी। मैच से पहले सहायक कोच ब्रैड हैडिन ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया और टीम के हालिया प्रदर्शन पर संतोष जताया।

ब्रैड हैडिन ने विशेष रूप से युवा खिलाड़ियों के योगदान को सराहा और बताया कि उनकी उपस्थिति से टीम को गहराई मिली है। उन्होंने कहा, हमारे युवा खिलाड़ी अब सामने आकर प्रदर्शन कर रहे हैं, और यही इस सीजन की सबसे सकारात्मक बात रही है। सीनियर खिलाड़ी तो हमेशा दबाव के पलों में उभरकर आते हैं, लेकिन युवा खिलाड़ियों की भागीदारी ने हमारी टीम को मजबूत आधार दिया हैपंजाब किंग्स इस समय अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और टीम लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है। हैडिन ने कहा, ÷इस दौर में उत्साह सबसे जरूरी है। टूर्नामेंट के इस चरण में आप चाहते हैं कि आपकी टीम सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेले और हमने हर मैच के साथ सुधार दिखाया है।उन्होंने पिछले मैच



में टीम की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा, हमने पिछली बार बल्ले से बहुत ही सटीक प्रदर्शन किया। हमारा लक्ष्य है कि हम धीरे-धीरे और सुधार करते जाएं ताकि अंतिम दौर में हम पूरी ताकत से उतर सकें। गेंदबाजी इकाई की प्रशंसा करते हुए हैडिन ने कहा, बोलर्स ने नई इम्पैक्ट प्लेयर नियम के अनुसार रणनीति बनाई है और इसे मैदान पर सही तरह से लागू किया है। इस कारण हम विपक्षी टीमों को सीमित करने में सफल रहे हैं। स्थानीय दर्शकों के समर्थन पर उन्होंने कहा, धर्मशाला में हमें वही प्यार मिल रहा है जो चंडीगढ़ और मुल्लांपुर में मिला था। यहां के लोग क्रिकेट के लिए बहुत जुनूनी हैं और खिलाड़ियों को यह ऊर्जा मैदान पर मिल रही है।

## दिल्ली में एशिया की टेनिस प्रतिभाओं का जलवा, सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई आईटीएफ अंडर-14 चैंपियनशिप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) के तत्वावधान में आयोजित 2025 आईटीएफ एशिया अंडर-14 डेवलपमेंट चैंपियनशिप फाइनल्स का भव्य समापन 03 मई को हुआ। यह प्रतिष्ठित दो सप्ताह की चैंपियनशिप 22 अप्रैल से आरंभ होकर 03 मई 2025 तक आयोजित की गई, जिसमें एशिया के 16 देशों और दो ग्रैंड स्लैम टेनिस टूरिंग टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। चीन, चीनी ताइपे, हांगकांग, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, कजाकिस्तान, कोरिया, मलेशिया, मालदीव, म्यांमार, थाईलैंड, उज्बेकिस्तान, वियतनाम जैसे देशों से 14 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाएं और उनके कोच इस चैंपियनशिप में शामिल हुए।

प्रत्येक सप्ताह को एशियाई अंडर-14 रैंकिंग पॉइंट्स के लिए श्रेणी 'ए' टूर्नामेंट के रूप में मान्यता दी गई। इस वर्ष की चैंपियनशिप का विशेष महत्व रहा क्योंकि इसके प्रदर्शन के आधार पर विंबलडन 14 अंडर चैंपियनशिप और यूरोप टूर टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। चार बालक और चार बालिकाओं को इन दोनों प्रतिष्ठित



टीमों के लिए चुना गया। टूर्नामेंट में 32-32 खिलाड़ियों की लड़कों और लड़कियों की एकल एवं युगल स्पर्धाएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कंपास ड्रॉ फॉर्मेट अपनाया गया जिससे प्रत्येक खिलाड़ी को हर दिन मैच खेलने का अवसर मिला, चाहे वह जीते या हारे। इस प्रारूप से अंततः सभी खिलाड़ियों की मेधा के अनुसार रैंकिंग निर्धारित की गई। सिंगल्स मैच तीन सेट के टाई ब्रेक प्रारूप में खेले गए, जबकि युगल और प्लेसमेंट मैच दो सेट और 10-पॉइंट मैच टाई ब्रेक के नियमों के अंतर्गत आयोजित हुए। युगल मुकाबलों में नो एडवांटेज और नो लेट सर्विस नियम लागू रहे।

## भारत में हाईरॉक्स की जोरदार शुरुआत, ओलंपिक तैराक श्रीहरि नटराज बोले- फिटनेस का नया जुनून बनेगा

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई ने भारत में पहली बार आयोजित हुए हाईरॉक्स रेस के जरिए केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि फिटनेस की नई लहर की शुरुआत की है। गोरेगांव स्थित नेस्को सेंटर आज 1650 एथलीटों की ऊर्जा और जोश से गूंज उठा। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर की फिटनेस प्रतियोगिता अब भारत में भी अपनी पकड़ मजबूत करती दिख रही है। हाईरॉक्स फॉर्मेट की खासियत इसमें है कि इसमें आठ 01 किलोमीटर की दौड़ और आठ फंक्शनल फिटनेस चैलेंज को बारी-बारी से पूरा करना होता है। स्कीइर्ग पुल से लेकर वॉल बॉल शॉट तक, प्रतिभागियों ने अपनी सीमाओं को तोड़ते हुए जबरदस्त



प्रदर्शन किया। ओलंपिक तैराक और प्यूमा एथलीट श्रीहरि नटराज ने कहा, हाईरॉक्स फिटनेस का एक नया और मजेदार प्रारूप है, जो लोगों में फिटनेस को लेकर एक नया जुनून पैदा करेगा। यह दौड़, वजन उठाना और अन्य सभी गतिविधियों का समावेश करती है, इसलिए यह तेजी से लोकप्रियता हासिल करेगी। 16 वर्षीय गवले सई से लेकर 78 वर्षीय वीरेंद्र सूद तक, इस प्रतियोगिता ने उम्र और फिटनेस के हर स्तर के प्रतिभागियों का स्वागत किया। 24 देशों से आए प्रतियोगियों और हजारों दर्शकों ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। बेंगलुरु एफसी के गोलकीपर और प्यूमा एथलीट गुरप्रीत सिंह संधू ने कहा, हाईरॉक्स जैसे आयोजन खिलाड़ियों को नई तरह की फिटनेस चुनौतियां देते हैं। इससे पारंपरिक फिटनेस तरीकों को चुनौती मिलती है और लोग अपने जीवन में बदलाव महसूस करते हैं। बेंगलुरु के एक कॉरपोरेट कर्मचारी अनुराग राजशेखर ने अपने पांच साथियों के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, हमारे ऑफिस में फिटनेस का कॉम्पिटिशन होता है, और हाईरॉक्स इसमें चार चांद लगाने जैसा रहा। यह एक ऐसा मंच है जो आम जिम जाने वालों को भी अपनी मेहनत दिखाने का मौका देता है। हाईरॉक्स मुंबई ने भारत में फिटनेस की नई शुरुआत की है और 19 जुलाई को दिल्ली में होने वाली अगली हाईरॉक्स रेस के लिए एक मजबूत आधार तैयार कर दिया है। इसके लिए जल्दी ही www.hyro&.co.in पर रजिस्ट्रेशन शुरू होंगे।

## टी20 मुंबई लीग में सोबो मुंबई फाल्कन्स की एंट्री, श्रेयस अय्यर होंगे आइकन प्लेयर

एजेंसी

**मुंबई।** टी-20 मुंबई लीग के बहुप्रतीक्षित तीसरे संस्करण में सोबो मुंबई फाल्कन्स ने दमदार एंट्री कर ली है। क्रिकेट के प्रति जुनून और विजन के साथ यह फ्रेंचाइज़ी न केवल अपने पहले सीज़न में शानदार प्रदर्शन करना चाहती है, बल्कि मुंबई क्रिकेट की समृद्ध परंपरा को आगे भी बढ़ाना चाहती है। टीम की शुरुआत को और खास बनाते हुए भारतीय दिग्गज खिलाड़ी कपिल देव को फ्रेंचाइज़ी का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। वह अपने अनुभव और मार्गदर्शन से युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेंगे। सोबो मुंबई फाल्कन्स, जो दक्षिण मुंबई की सांस्कृतिक आत्मा और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रतिनिधित्व करती है, इस सीज़न में पहली बार मैदान में उतर रही है। 26 मई से 8 जून तक मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले मुकाबलों में यह टीम नई ऊर्जा और कड़ी प्रतिस्पर्धा लेकर आएगी। टी-20 मुंबई लीग का यह तीसरा संस्करण भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार रोहित शर्मा के चेहरे के रूप में और भी खास बन गया है। वहीं, मुंबई फाल्कन्स की ओर से श्रेयस अय्यर को आइकन प्लेयर बनाया गया है, जिससे टीम को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। मुंबई फाल्कन्स के मालिक अमीत एच. गढोके ने कहा, हम मुंबई फाल्कन्स को टी20 मुंबई लीग में पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। यह फ्रेंचाइज़ी दक्षिण मुंबई की ऊर्जा, जुनून और संकल्प की प्रतीक है। हमारा लक्ष्य एक ऐसी टीम बनाना है जो न सिर्फ शीर्ष स्तर पर मुकाबला करे, बल्कि उभरती प्रतिभाओं को भी प्रेरित और प्रोत्साहित करे।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने दिखाया जज्बा, ऑस्ट्रेलिया से रोमांचक मुकाबले में 2-3 से हार

एजेंसी

**पर्थ।** पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले गए ऑस्ट्रेलिया दौरे के चौथे मैच में भारतीय महिला हॉकी टीम ने बेहतरीन संघर्ष किया, लेकिन अंत में उन्हें 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर से नवनीत कौर (35') और लालरेम्सियामी (59') ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए ग्रेस स्टुअर्ट (2'), जेड स्मिथ (36') और ग्रेटा हेज़ (42') ने गोल दागे। मैच की शुरुआत से ही ऑस्ट्रेलिया ने आक्रामक रुख अपनाया और महज दूसरे मिनट में ग्रेस स्टुअर्ट ने शानदार फील्ड गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भारतीय टीम ने बराबरी के कई प्रयास किए, लेकिन पहले क्वार्टर में गोल नहीं कर पाई। दूसरे क्वार्टर में भारत ने मजबूत



डिफेंस का प्रदर्शन किया। ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने से रोका और हाफटाइम तक स्कोर 0-1 ही रहा। तीसरे क्वार्टर में भारत ने दमदार वापसी की। 35वें मिनट में नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। लेकिन भारत की खुशी ज्यादा देर नहीं टिक पाई क्योंकि एक मिनट बाद ही जेड स्मिथ ने शानदार फील्ड गोल कर ऑस्ट्रेलिया को फिर से 2-1 की बढ़त दिला दी। इसके बाद ग्रेटा हेज़ ने 42वें मिनट में एक और गोल कर बढ़त को 3-1 कर दिया। अंतिम क्वार्टर में भारतीय टीम ने हमलों की झड़ी लगा दी। 59वें मिनट में लालरेम्सियामी ने बेहतरीन गोल कर स्कोर 2-3 कर दिया और मुकाबले में रोमांच भर दिया। हालांकि, अंतिम क्षणों में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की डिफेंस को नहीं भेद पाई और मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में समाप्त हुआ।

## कैस्पर रुड मैड्रिड ओपन के फाइनल में

**मैड्रिड।** पसलियों की चोट से जूझने के बावजूद नॉर्वे के कैस्पर रूड ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो पर 6-4, 7-5 से जीत के साथ रविवार के मैड्रिड ओपन के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी को शुरुआती सेट में तीन गेम में उपचार की आवश्यकता थी, लेकिन फिर भी वह 18 ब्रेक पॉइंट में से 15 को बचाने में सफल रहे। रूड ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे यकीन नहीं था कि मैं मैच खत्म कर पाऊंगा। वार्म-अप के दौरान, कोर्ट पर जाने से ठीक पहले मुझे अपनी पसलियों में कुछ महसूस हुआ। मैंने लगभग हर शॉट में इसे महसूस किया, खासकर सर्व में। सौभाग्य से, मुझे इसका कुछ त्वरित उपचार मिल गया। आप बहुत कुछ नहीं कर सकते, आपके पास फिजियो के साथ केवल तीन मिनट हैं। इसलिए मैं अब जाकर इसे और देखूंगा।

## संत जोसफ कॉलेज के हारिस ने नेशनल टेनिस रैंकिंग टूर्नामेंट में लगातार तीसरा ख़िताब अपने नाम किया

एजेंसी

**प्रयागराज।** संत जोसफ कॉलेज के कक्षा 7 के छात्र हारिस खान ने गुरुग्राम हरियाणा में 28 अप्रैल से 02 मई तक आयोजित एआईटीए (चैम्पियनशिप सीरीज-7) अंडर-12 टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल का ख़िताब अपने नाम किया। हारिस ने फाइनल में हरियाणा के सुखलीन शर्मा को 6-0, 6-0 से सीधे सेटों से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले सेमीफाइनल में हारिस ने हरियाणा के पवन तेजा टेकू को 6-1, 6-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। हारिस ने अंडर-14 में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। अंडर-14 के सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र के सेकंड सीडेड आयुष काले को 6-4, 6-3 से सीधे सेटों में पराजित किया। अंडर-14 फाइनल में तेलंगाना के विश्वक रेड्डी के हाथों उन्हें 6-4, 6-3 से हार का महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है और भविष्य में और बड़ी सफलताएं हासिल करने की उम्मीद जगाई है।



सामना करना पड़ा। परन्तु अपने ज़बरदस्त खेल से सभी का दिल जीत लिया। इस जीत के साथ हारिस ने अपने टेनिस करियर में एक और उनकी इस उपलब्धि पर उनके कोच सैफ इकबाल ने बधाई देते हुए आने वाले टूर्नामेंट में ऐसे ही प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें दी।

# कगिसो रबाडा झेल रहे निलंबन, आईपीएल बीच में छोड़ इस कारण लौटे घर वापस

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने डोप टेस्ट में पॉजिटीव पाए जाने के बाद वर्तमान में निलंबन की सजा काट रहे हैं और उन्होंने यह बात स्वीकार भी की है। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से उनके अचानक बाहर होने के पीछे यही कारण था, जहां वे गुजरात टाइटन्स के लिए खेल रहे थे। 3 अप्रैल को फ्रैंचाइजी ने कहा कि रबाडा एक 'व्यक्तिगत मामले' से निपटने के लिए घर वापस चले गए थे, लेकिन उन्होंने कोई और विवरण साझा नहीं किया। एक बयान में क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा, 'क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका निलंबन की पुष्टि करता है।रबाडा ने प्रतिबंधित पदार्थ के उपयोग किया। यह घटना खेदजनक है, हालांकि, रबाडा ने सीएसए और अपने प्रशंसकों को पेशेवर मानकों को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता के बारे में आश्वस्त किया है और क्रिकेट के खेल और जिस देश का वे प्रतिनिधित्व करते हैं, उसके प्रति अपने जुनून को फिर से दोहराया है। बोर्ड ने कहा, सीएसए पूरी तरह से नशा मुक्त खेल के लिए प्रतिबद्ध है और पेशेवर और शौकिया दोनों तरह के क्रिकेट खिलाड़ियों को सभी नियमों का पालन करने के महत्व की याद दिलाता है। हम इस संबंध में सभी खिलाड़ियों को अपना समर्थन देने में दृढ़ हैं। रबाडा ने यह भी कहा कि वह क्रिकेट में वापसी के लिए उत्सुक हैं और उन्होंने अपने परिवार, कानूनी टीम और गुजरात टाइटन्स को



उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। दक्षिण अफ्रीकी नशा मुक्त खेल संस्थान जो विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) के नियमों के तहत काम करता है, के अगले सप्ताह एक विस्तृत बयान जारी करने की उम्मीद है। रबाडा का निलंबन अल्पकालिक होने की उम्मीद है, क्योंकि माना जाता है कि उनका मामला न्यूजीलैंड के क्रिकेटर डग ब्रेसवेल जैसा है जिन्हें पिछले साल कोकीन के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद एक महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि कैगिसो रबाडा ने कौन सा पदार्थ लिया था, हालांकि यह कोकीन या भांग होने की संभावना है, जो विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) द्वारा एक्स्टसी और हेरोइन के साथ सूचीबद्ध दो पदार्थ हैं। परीक्षण करने वाले दक्षिण अफ्रीकी नशा मुक्त खेल संस्थान (एसएआईडीएस) द्वारा सोमवार को एक बयान जारी करने की उम्मीद है जो आगे और स्पष्टता प्रदान कर सकता है। वाडा के कोड के अनुसार, यदि कोई एथलीट यह साबित कर सकता है कि पदार्थ को प्रतियोगिता से बाहर ले जाया गया था तो उन्हें एक महीने का कम निलंबन दिया जा सकता है। विशेष रूप से रबाडा 3 अप्रैल को भारत से चले गए थे और दक्षिण अफ्रीका लौट आए थे, लेकिन ठीक एक महीने बाद उन्हें फिर से खेल शुरू करने की अनुमति मिल गई थी, यह सुझाव देते हुए कि उनका निलंबन वाडा के न्यूनतम प्रतिबंध दिशानिर्देशों के अनुरूप है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के भीतर रबाडा के आगामी मैचों में शामिल न होने को लेकर कोई चिंता नहीं है, जिसमें जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी शामिल है।

जानिए कितने का

# अनुष्का शर्मा

## का ये पिंक पायजामा-शर्ट, सफेद टॉप की कीमत कर देगी हैरान





बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा ने हाल में अपना 37 वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया है। एक्ट्रेस ने अपनी एक खूबसूरत तस्वीर शेयर कर फैंस को जन्मदिन की बधाई के लिए शुक्रिया भी किया था। शेयर की गई तस्वीर में एक्ट्रेस को फूलों के बीच नाइट आउटफिट में देखा जा सकता है। तस्वीर देखकर ऐसा लग रहा है जैसे विराट कोहली ने उन्हें रात को ही फूलों से बर्थडे विश किया था। लेकिन क्या आप जानते हैं इस तस्वीर में अनुष्का ने जो गुलाबी रंग की नाइट आउटफिट पहना है इसकी कीमत कितनी है?

**गुलाबी नाइट आउटफिट की कीमत**

अनुष्का शर्मा ने अपने बर्थडे के अगले दिन सभी का शुक्रियादा करते हुए एक तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में एक्ट्रेस ने एक गुलाबी रंग का पायजामा और शर्ट पहनी हुई थी। एक्ट्रेस के ये नाइट वियर नोर्वे के arket नाम के ब्रांड का है। इस पायजामा की कीमत 5,598 रुपए और शर्ट की कीमत भी 5,598 रुपए है। एक्ट्रेस का ये नाइट वियर करीब 12,000 का है।

**कॉटन का वाइट टॉप है हजारों का**

इसके अलावा विराट कोहली ने पत्नी अनुष्का को उनके जन्मदिन की बधाई देते हुए एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में अनुष्का ने कट स्लीव का कॉटन टॉप और शॉर्ट पैंट पहना हुआ था। एक्ट्रेस ने ये आउटफिट seed heritage नाम के ऑस्ट्रियन ब्रांड से खरीदा है। वेबसाइट के मुताबिक इस टॉप की कीमत 5,431 रुपए और 7,080 रुपए है। अनुष्का का ये सफेद आउटफिट करीब साढ़े 12 हजार का है।

**फिल्मों से दूरी**

वर्क फ्रंट की बात करें तो अनुष्का शर्मा को आखिरी बार साल 2018 में आई फिल्म जीरो में शाहरुख खान और कैटरीना कैफ के साथ देखा गया था। इसके बाद एक्ट्रेस, महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक पर भी काम कर रही थीं। लेकिन फिल्म अभी तक रिलीज नहीं हुई। अनुष्का अब फिल्मों से दूरी बनाकर अपने दोनों बच्चों की परवरिश में बिजी हैं।

## 20 करोड़ भी नहीं कमा पाई थी सैफ अली खान और गोविंदा की ये फिल्म, बजट का आधा हिस्सा निकालने में छूट गए थे पसीने



गोविंदा ने अपने फिल्मी करियर का आगाज 80 के दशक के बीच में किया था. वहीं 90 के दशक तक गोविंदा सुपरस्टार बन चुके थे. एक से बढ़कर एक फिल्में, शानदार डांस और अपनी दमदार कॉमेडी के चलते गोविंदा ने बड़े पर्दे पर अपनी अमिट छाप छोड़ी. उनके खाते में एक के बाद एक कई शानदार फिल्में आईं. हालांकि उनकी झोली में ढेरों फ्लॉप फिल्में भी गिरी हैं.गोविंदा ने अपने करियर में सफलता का जो शिखर देखा है उसी तरह से उनका करियर ढलान पर भी आया है. उनकी कई फिल्मों के लिए बजट तक निकालना मुश्किल हो गया था. वहीं गोविंदा की फिल्म 'हैप्पी एंडिंग' तो ऐसी रही जो अपने बजट का आधा भी नहीं निकाल पाई थी. इसमें गोविंदा के साथ सैफ अली खान ने भी काम किया था. लेकिन दोनों की पिक्चर बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई थी.

**57 करोड़ था 'हैप्पी एंडिंग' का बजट**

गोविंदा और सैफ अली खान की फिल्म 'हैप्पी एंडिंग' साल 2014 में आई थी. एक दशक पहले आई इस फिल्म से दर्शकों और मेकर्स को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन ये फिल्म उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई. गोविंदा और सैफ के साथ फिल्म का हिस्सा इलियाना डिक्रूज, रणवीर शौरी और कल्कि कोचलिन जैसे सितारें भी थे. मेकर्स ने इस मल्टीस्टारर फिल्म पर 57 करोड़ रुपये खर्च किए थे.

**20 करोड़ भी नहीं हुई कमाई**

गोविंदा और सैफ की इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर बहुत बुरा हाल हुआ था. अपने नाम के मुताबिक फिल्म की एंडिंग हैप्पी नहीं हो पाई थी और न ही इसकी ओपनिंग हैप्पी रही. 11 साल पुरानी इस फिल्म ने भारत में 20 करोड़ रुपये से भी कम का कलेक्शन किया था. इसका लाइफटाइम कलेक्शन सिर्फ 19.44 करोड़ रुपये दर्ज किया गया था और ये पिक्चर बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हो गई.

**सैफ का वर्कफ्रंट**

गोविंदा लंबे समय से फिल्मी दुनिया से दूर है. वहीं सैफ अली खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी फिल्म 'ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स' हाल ही में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है. इसी बीच सैफ की नई फिल्म को लेकर खबर आ गई है. अभिनेता अब 2016 की मलयालम हिट 'ओप्पम' के हिंदी रीमेक में नजर आएंगे. फिल्म इस साल के आखिरी तक फ्लोर पर आएगी.

## जब 400 लड़कियों के बीच में से सिर्फ आलिया भट्ट को चुना गया, कम उम्र में ही कर दिया था ये कमाल



आलिया भट्ट ने कम वक्त में बड़ा और खास नाम कमा लिया है. दिग्गज डायरेक्टर महेश भट्ट के घर में जन्मीं आलिया भट्ट को शुरू से ही घर में फिल्मी माहौल मिला था. बड़ी होने पर उन्होंने फिल्मी दुनिया की राह चुनी और आज वो हिंदी सिनेमा की सबसे चर्चित और कामयाब एक्ट्रेसेस में एक हैं.वैसे आपको बता दें कि आलिया भट्ट बॉलीवुड में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट भी काम कर चुकीं हैं. उन्हें बचपन में अक्षय कुमार और प्रीति जिंटा की एक फिल्म में देखा गया था. वहीं आपको ये जानकर भी हैरानी होगी कि अपनी डेब्यू फिल्म के लिए एक्ट्रेस का सेलेक्शन 400 लड़कियों में से हुआ था.

**अक्षय-प्रीति की इस फिल्म में चाइल्ड आर्टिस्ट थीं आलिया**

आलिया का जन्म महेश भट्ट और एक्ट्रेस सोनी राजदान के घर 15 मार्च 1993 को मुंबई में हुआ था. पिता के जाने-माने डायरेक्टर होने के चलते आलिया को अक्षय कुमार और प्रीति जिंटा की साल 1999 में आई फिल्म 'संघर्ष' काम करने का मौका मिला था. इसमें उन्होंने प्रीति के बचपन का किरदार निभाया था, तब वो महज 6 साल की थीं.

**डेब्यू फिल्म के लिए 400 लड़कियों में से हुआ सेलेक्शन**

आलिया भट्ट ने हिंदी सिनेमा में बतौर लीड एक्ट्रेस अपने कदम 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से रखे थे. साल 2012 में आई इस फिल्म में आलिया ने शनाया सिंघानिया का किरदार निभाया था. लेकिन इस रोल के लिए एक्ट्रेस का चयन 400 लड़कियों में से हुआ था. करण जौहर की इस पिक्चर के लिए 400 लड़कियों ने ऑडिशन दिया था. एक इंटरव्यू में खुद करण ने खुलासा किया था कि उन्होंने मुंबई और बाहर के शहरों की करीब 400 लड़कियों का स्क्रीन टेस्ट लिया था.

**आलिया भट्ट की बेहतरीन फिल्में**

आलिया भट्ट अपने करीब 13 साल के करियर में खूब शोहरत हासिल कर चुकी हैं. उन्हें इस जनरेशन की सबसे बड़ी स्टार में से एक माना जाता है. उनकी डेब्यू फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' हिट साबित हुई थी. एक दशक से ज्यादा के करियर में वो 'राजीफ्र, 'गंगूबाई काठियावाड़ी', 'ब्रह्मास्त्र- पार्ट वन', 'गली बॉय, 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी', 'आरआरआर', 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया', 'डियर जिंदगी', '2 स्टेट्स' और 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' जैसी शानदार फिल्में



# एकता कपूर

## की फिल्म के लिए श्रद्धा कपूर ने डबल की अपनी फीस? जानें कितने करोड़ लेंगी अब

श्रद्धा कपूर बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं। अब तक वह कई हिट फिल्में दे चुकी हैं। सोशल मीडिया पर भी श्रद्धा की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनकी पिछली फिल्म स्त्री-2 बड़ी हिट गई थी, जिसके बाद अब उन्होंने अपनी फीस डबल कर ली है। श्रद्धा से पहले फिल्म के एक्टर रहे राजकुमार राव ने भी अपनी फीस बढ़ाकर पांच करोड़ कर दी थी।

**कितनी बताई जा रही फीस**

बॉलीवुड हंगामा के सूत्रों के अनुसार, अब श्रद्धा कपूर फीस को डबल करते हुए एकता कपूर के साथ अगले प्रोजेक्ट के लिए 17 करोड़ रुपये चार्ज कर रही हैं। श्रद्धा और एकता कपूर के बीच में काफी समय से हाई कॉन्सेप्ट थ्रिलर फिल्म को लेकर बातचीत चल रही थी। इसे अनिल बर्वे डायरेक्ट करने वाले हैं और यह फिल्म 2025 के दूसरे क्वार्टर में फ्लोर पर आ सकती है। इसके लिए एक्ट्रेस को 17 करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं।



**सबसे ज्यादा फीस**

सोर्स ने बताया, यह श्रद्धा कपूर को मिली अब तक की सबसे ज्यादा फीस होगी। इतना ही नहीं, आज के समय इंडस्ट्री में किसी भी एक्ट्रेस को मिलने वाली ज्यादा अधिक फीस में से यह एक है। सिर्फ फीस ही नहीं, बल्कि एक्ट्रेस ने कॉन्ट्रैक्ट में प्रॉफिट शेयरिंग क्लॉज पर भी साइन किया है। अगर फिल्म अच्छी चलती है तो उन्हें प्रॉफिट का एक तय हिस्सा भी दिया जाएगा।

पिछले साल आई श्रद्धा की स्त्री-2 ने बड़े पर्दे पर अच्छी कमाई की थी। वर्ल्डवाइड फिल्म ने 874 करोड़ से अधिक कमाए थे। इसमें श्रद्धा के अलावा तमन्ना भाटिया, राजकुमार राव, वरुण धवन, पंकज त्रिपाठी जैसे एक्टर्स शामिल थे। यह एक कॉमेडी हॉरर फिल्म थी, जिसे अमर कौशिक ने डायरेक्ट किया था।

## राफेल से नींबू-मिर्ची कब हटाएंगे: अजय

**वाराणसी**
कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने रविवार को भाजपा सरकार पर निशाना साधा। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पूरी हो या न हो, लेकिन भाजपा राज में देश की सीमाएं जरूर असुरक्षित हैं। देश का हर नागरिक पहलगाम में हुई इस कायराना आतंकी घटना के खिलाफ एकजुट है। पूरा देश और विपक्ष इंतजार कर रहा है कि सरकार इस आतंकी घटना के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करे। अजय राय ने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री पर तंज कसा- "राफेल लड़ाकू विमान को सिर्फ नींबू-मिर्च बांध कर ही रखना है या वार भी होगा। आखिर कब राफेल से नींबू-मिर्च उतारेंगे? सरकार तो छह साल बाद भी पुलवामा हमले की जांच नहीं करा पाई।'

## आरपीएससी और एसआई भर्ती घोटाले पर सरकार की चुप्पी शर्मनाक: हनुमान

जयपुर
जयपुर के शहीद स्मारक पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी द्वारा चल रहे आंदोलन के नौवें दिन में प्रवेश कर गया है। नागौर सांसद और आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने कहा कि आरपीएससी और एसआई भर्ती घोटाले को लेकर सरकार की चुप्पी दोषियों को संरक्षण देने का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह घोटाले केवल पेपर लीक नहीं हैं, बल्कि यह राज्य की संपूर्ण भर्ती व्यवस्था की विश्वसनीयता पर हमला हैं। लाखों युवा जिनकी उम्र और मेहनत दांव पर लगी है। आज सड़क पर हैं लेकिन सरकार संवेदनहीन बनी हुई है। एसओजी पर हमला बोलते हुए बेनीवाल ने कहा कि एसओजी का इस्तेमाल अब सेटलमेंट के लिए हो रहा है , एसओजी के अंदर एक कमरा बना हुआ है जहां सरकार के दबाव में एसओजी पैसों के लेनदेन कर कई लोगों को क्लीन चिट दे रही है। गौरतलब है कि एसआई भर्ती को रद्द करने और आरपीएससी को भंग करने सहित तमाम मांगो को लेकर सांसद बेनीवाल लगातार 9 दिनों से धरने पर है। यह कहा एसीबी की कार्यवाही को लेकर सांसद हनुमान बेनीवाल ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा बीटीपी पार्टी के एक विधायक को ट्रैप करने से जुड़े मामले में कहा कि यदि वास्तव में विधायक की स्वयं की भूमिका इसमें संलिप्त है तो इससे ज्यादा निंदनीय कुछ नहीं है।

# राहुल गांधी ने माना- ऑपरेशन ब्लू-स्टार गलती थी

## सिख युवक ने कहा- कांग्रेस सरकार में अभिव्यक्ति की आजादी नहीं थी

**बॉस्टन**
**राहुल** गांधी ने माना कि 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार गलती थी। करीब दो हफ्ते पहले अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान राहुल से ऑपरेशन ब्लू स्टार पर सवाल पूछा गया था। इस पर उन्होंने कहा- जो भी गलतियां 80 के दशक में कांग्रेस से हुईं, मैं जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं। इस कार्यक्रम का वीडियो रविवार को वायरल हुआ। इसके बाद, बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा- अब राहुल गांधी की आलोचना सिर्फ भारत में नहीं, बल्कि विदेशों में भी होने लगी है।



**सिख युवक ने कहा- कांग्रेस सरकार में अभिव्यक्ति की आजादी नहीं थी**
सिख युवक ने कहा- हमें अभिव्यक्ति की आजादी चाहिए, जो कांग्रेस के राज में नहीं थी। पिछले महीने अप्रैल में राहुल गांधी ब्राउन यूनिवर्सिटी के एक ओपन इवेंट में पहुंचे थे।

सिख युवक ने राहुल गांधी से पुराने बयान का हवाला देते हुए कहा- आप सिखों की बात करते हैं, लेकिन आप सिखों के बीच डर पैदा करते हैं कि बीजेपी क्या करेगी। हमें अभिव्यक्ति की आजादी चाहिए, जो कांग्रेस के राज में नहीं थी।

युवक ने आगे कहा- आनंदपुर साहिब रेजोल्यूशन दलित अधिकारों की बात करता है, लेकिन कांग्रेस ने उसे अलगाववादी करार दिया। वहीं कोर्ट ने सज्जन कुमार को सजा दी, लेकिन कांग्रेस में आज भी कई सज्जन कुमार जैसे लोग हैं। राहुल गांधी बोले- 80 के दशक में जो हुआ, वो गलत था इस पर राहुल गांधी ने कहा- मुझे नहीं लगता कि सिख किसी चीज से डरते हैं। कांग्रेस की ये गलतियां तब की हैं, जब मैं वहां नहीं था, लेकिन कांग्रेस के इतिहास में जो कुछ भी गलत हुआ, मैं उसकी जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं। सिख दंगों में 3 हजार से ज्यादा सिख मारे गए: सरकारी आंकड़ा 1980 के दशक में इंदिरा गांधी सरकार ने पंजाब में उग्रवाद के खिलाफ ऑपरेशन ब्लू स्टार चलाया था। इसमें भिंडरांवाले की मौत हुई थी और अकाल तख्त को भारी नुकसान पहुंचा था। इसके बाद इंदिरा गांधी की हत्या हुई और देशभर में सिख विरोधी दंगे भड़के। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इन दंगों में 3,000 से ज्यादा सिख मारे गए थे।

### कांग्रेस से हुई गलतियों की जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं: राहुल

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की ये गलतियां तब की हैं, जब मैं वहां नहीं था, लेकिन कांग्रेस के इतिहास में जो कुछ भी गलत हुआ, मैं उसकी जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं।

**सिख दंगों में 3 हजार से ज्यादा सिख मारे गए**
सरकारी आंकड़ा 1980 के दशक में इंदिरा गांधी सरकार ने पंजाब में उग्रवाद के खिलाफ ऑपरेशन ब्लू स्टार चलाया था। इसमें भिंडरांवाले की मौत हुई थी और अकाल तख्त को भारी नुकसान पहुंचा था। इसके बाद इंदिरा गांधी की हत्या हुई और देशभर में सिख विरोधी दंगे भड़के। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इन दंगों में 3,000 से ज्यादा सिख मारे गए थे। युवक ने आगे कहा- आनंदपुर साहिब रेजोल्यूशन दलित अधिकारों की बात करता है, लेकिन कांग्रेस ने उसे अलगाववादी करार दिया। वहीं कोर्ट ने सज्जन कुमार को सजा दी, लेकिन कांग्रेस में आज भी कई सज्जन कुमार जैसे लोग हैं।

देशभर में सिख विरोधी दंगे भड़के। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इन दंगों में 3,000 से ज्यादा सिख मारे गए थे।

## भारतीयता हमारी पहचान है, राष्ट्र हित से बड़ा कोई धर्म नहीं : उपराष्ट्रपति धनखड़


**ग्वालियर**
**ग्वालियर** स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में छात्रों और फैकल्टी को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीयता ही हमारी पहचान है और राष्ट्र धर्म से ऊपर कोई धर्म नहीं हो सकता। धनखड़ ने कहा कि राजमाता का जीवन प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने अपना पूरा जीवन त्याग और समर्पण के साथ जिया। आज भारत पहलगाम की चुनौती का सामना कर रहा है, लेकिन आज हमारे पास एक सशक्त भारत है, जिसके पास एक सक्षम नेतृत्व है। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की हत्या कर दी गई थी, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। इस घटना के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि राजमाता का संदेश था कि राष्ट्रवाद सर्वोपरि है। हम भारतीय हैं और भारतीयता ही हमारी असली पहचान है। राष्ट्रधर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। धनखड़ ने छात्रों से अपील की है कि वे हमेशा देश को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि



राष्ट्रहित से बढ़कर कुछ भी नहीं होता। हमेशा देश को सबसे ऊपर रखें। उन्होंने यह भी कहा कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया ने राष्ट्रवाद के लिए हमेशा मजबूती से खड़ी रहीं और अपना पूरा जीवन देश सेवा में समर्पित किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में किसानों की भूमिका बेहद अहम है। उविकसित भारत का रास्ता हमारे खेतों से होकर गुजरता है। भारत हमेशा से कृषि प्रधान देश रहा है और आज हम एक नई कृषि क्रांति के मुहाने पर खड़े हैं। जो हमारे भविष्य को तय करेगी। धनखड़ ने किसानों के दुख-दर्द को समझने और उनके प्रति संवेदनशील रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें अपने किसानों को सिर्फ उत्पादक नहीं, बल्कि एग्रीप्रेन्योर यानी कृषि उद्यमी बनाना होगा। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के नारे जय जवान, जय किसान की याद दिलाई, जिसे बाद में अटल बिहारी वाजपेयी ने जय विज्ञान से जोड़ा और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ह्यजय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान तक बढ़ाया है। उपराष्ट्रपति ने छात्रों और शोधकताओं से अपील की कि वे इस विजन को साकार करने के लिए नवाचार, विज्ञान और अनुसंधान के जरिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि आप सभी को आगे बढ़कर इस दिशा में काम करना चाहिए ताकि यह नारा जमीन पर साकार हो सके।

## रामकथा भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने का एक दिव्य अवसर: पुष्कर सिंह धामी


**गोपेश्वर**
मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को नंदप्रयाग में आयोजित राम कथा में प्रतिभाग करते हुए कहा कि रामकथा हमारे जीवन मूल्यों को जागृत करने और भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने का एक दिव्य अवसर है। चमोली जिले के नंदप्रयाग मोरारी बापू जी की ओर से रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को मुख्यमंत्री ने बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के अवसर पर बदरीनाथ धाम में पूजा अर्चना के बाद रामकथा स्थल पर पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की जीवनगाथा आत्मिक चेतना जागृत करने का एक माध्यम



है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्वनाथ कॉरीडोर, महाकाल लोक और अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य एवं दिव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि अलकनंदा और नंदाकिनी के संगम नंदप्रयाग में आयोजित राम कथा में उन्हें संतवाणी का साक्षी बनने का सुअवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा उनके आदर्शों से पता चलता है कि हमारे जीवन में धर्म, करुणा, सत्य, सेवा और भक्ति की कितनी अधिक महत्ता है।

## हिमाचल को पानी पर अपना हक मिलना चाहिए: मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू

**शिमला**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोगों को पानी पर अपना हक मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पानी हिमाचल प्रदेश की बहुमूल्य प्राकृतिक संपदा है। उन्होंने कहा कि राज्य 12,000 मेगावाट बिजली पैदा करता है, फिर भी हिमाचल को इससे क्या मिला? एसजेवीएनएल 6,700 करोड़ रुपये की कंपनी बन गई है, लेकिन हमें पूछना चाहिए कि हिमाचल को क्या मिला? मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब



और हरियाणा पानी को लेकर लड़ रहे हैं, लेकिन पानी हिमाचल से बह रहा है। बदले में हमें क्या मिल रहा है? मुख्यमंत्री ने यह बात न्यू शिमला के सेक्टर-5 में 18 करोड़ रुपये की लागत से बनी पार्किंग के उद्घाटन अवसर पर रविवार को कही। तीन मंजिला इस पार्किंग में 50 से अधिक वाहन खड़े हो सकते हैं, जिससे क्षेत्र के निवासियों को काफी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 1.5 करोड़ रुपये की लागत से नई पार्किंग सुविधा की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि न्यू शिमला में एक और पार्किंग सुविधा के निर्माण, सामुदायिक केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) की स्थापना के लिए 50 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र से उनका व्यक्तिगत जुड़ाव है। उन्होंने कहा कि उनकी बहन यहीं रहती हैं, उनका बचपन इसी इलाके में बीता है और उनकी राजनीतिक यात्रा भी यहीं से शुरू हुई।

## धर्मशाला में आईपीएल की धूम, मैचों को लेकर एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में तैयारियां पूरी

### भीड़ नियंत्रित करने से लेकर वीआईपी मूवमेंट तक प्रशासन सतर्क

**दिव्या दिल्ली :** हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला स्थित HPCA स्टेडियम एक बार फिर आईपीएल के रोमांचक मुकाबलों का गवाह बनने को तैयार है आगामी तीन मैचों के लिए स्टेडियम में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं HPCA सचिव अवनीश परमार ने जानकारी दी कि स्टेडियम की क्षमता करीब 20,000 दर्शकों की है और अब तक अधिकांश टिकटें बिक चुकी हैं उन्होंने बताया कि ऑफलाइन टिकट काउंटर भी चालू हैं ताकि आखिरी समय पर टिकट खरीदने वालों को सुविधा मिल सके। परमार के अनुसार, इस बार इन तीनों मैचों में जबरदस्त भीड़ जुटने की उम्मीद है भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था और सुरक्षा के लिहाज से HPCA एवं जिला प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित किया गया है। सुरक्षाबलों की अतिरिक्त तैनाती भी की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार कई वीआईपी मेहमानों के स्टेडियम में पहुंचने की संभावना है पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मैचों के दौरान स्टेडियम में मौजूद रह सकते हैं इसके अलावा बीसीसीआई से जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारी और आईपीएल फ्रेंचाइज़ियों के मालिक भी धर्मशाला पहुंच सकते हैं HPCA प्रशासन के अनुसार, पिच और आउटफील्ड की स्थिति भी बेहतरीन है और मौसम विभाग ने भी मैचों के दौरान साफ मौसम की संभावना जताई है आयोजकों का मानना है कि इस बार धर्मशाला में होने वाले मैच ना केवल क्रिकेट प्रेमियों के लिए यादगार होंगे बल्कि हिमाचल पर्यटन को भी एक नया बढ़ावा मिलेगा।

## ओम फाउंडेशन ने आज अपना 10वां शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक सम्पन्न किया

**दिव्या दिल्ली** : ओम फाउंडेशन द्वारा आज स्कूली छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण यात्रा करवाई गई।बच्चों के लिए आज का दिन एक यादगार दिन रहा, जो सीख, मनोरंजन और प्रेरणा से भरपूर था। नारायणा से विभिन्न स्थानो पर बस के माध्यम से यह यात्रा पूरी की गई। सभी बच्चो ने बस में गीत गाए, यात्रा का आनन्द उठाते हुए इंडिया गेट की हरियाली भरी लॉन में दोपहर का भोजन किया व खुले मैदान में खेल खेले।



राष्ट्रीय युद्ध स्मारक वार मेमोरियल की यात्रा हमारे वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने का भावुक क्षण था। बच्चों ने अमर जवान ज्योति, शहीदों की कहानियाँ और उनके बलिदानों के बारे में भी जाना। पटियाला हाउस कोर्ट में बच्चों ने न्याय और कानून की दुनिया की झलक देखी। इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष रश्मि मल्होत्रा ने पटियाला हाउस कोर्ट के माननीय मजिस्ट्रेट श्री राहुल कुमार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, का अभिनंदन किया तथा मजिस्ट्रेट राहुल कुमार ने बच्चों से संवाद किया और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने, शिक्षा प्राप्त करने और कानून के रक्षक बनने की प्रेरणा दी। देशभक्ति, प्रेरणा और उद्देश्य से भरा एक अविस्मरणीय दिन रहा।

## प्रदेश में बदला मौसम का मिजाज, पर्वतीय इलाकों में बारिश-हिमपात से बढ़ी ठंडक

देहरादून
प्रदेश में रविवार को मौसम ने करवट ली। सुबह जहां धूप खिली रही, वहीं दोपहर बाद पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में बारिश ने मौसम को ठंडा कर दिया। देहरादून समेत अन्य मैदानी जिलों में तेज हवाओं ने लोगों को गर्मी से राहत दी।उत्तरकाशी, टिहरी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पौड़ी सहित विभिन्न पर्वतीय जिलों में झमाझम बारिश हुई। इस बारिश के चलते चारधाम क्षेत्रों में तापमान गिरा, जिससे ठंडक बढ़ गई है। कुमाऊं मंडल के पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में भी बारिश दर्ज की गई, जबकि उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हिमपात हो रहा है। मौसम विभाग के निदेशक विक्रम सिंह ने बताया कि 5 और 6 मई को भी बारिश जारी रहने की संभावना है।

## देश की तरक़्क़ी के लिए लोगों को विचार करने की जरूरत

**दिव्या दिल्ली : (उज्जैन)।**
परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने उज्जैन आश्रम पर सतसंग सुनाते हुए बताया कि भारत में अंग्रेज व्यापार करने के लिए आए थे लेकिन जब उन्होंने देखा कि भारत के लोग बहुत मेहनती, धार्मिक प्रवृत्ति के, उसूल के पक्के हैं तब उनको भारत देश पर हुकूमत करने की लालच आ गई। उनका इरादा यह हो गया कि जहाँ-जहाँ हमारा राज है, हम इन मेहनतकश लोगों से फायदा ले लेंगे। इसके लिए सबसे पहले ढूंढा कि लोगों को किस चीज की आदत डालें। जैसे कि किसी को खाने, घूमने, अच्छा पहनने आदि की आदत पड़ जाती है तो आदमी उस आदत का गुलाम, व्यसनी हो जाता है। अंग्रेजों ने लत डाली और वैसी चीजों को लेकर आये। चाय यहां कोई नहीं पीता था। चाय को अंग्रेज भारत में लाए थे। बड़े-बड़े टैंक में बनाकर चौराहों पर फ्री पिलाते थे। लगातार दो-चार दिन जब लोग पी लेते थे तब अंग्रेज एक पुड़िया पकड़ा देते थे कि घर ले जाओ, जैसे हम



बनाते हैं, ऐसे ही बना लेना।भारतीय परंपराओं पर आघात किया अंग्रेजो ने एक बार जब एक अंग्रेज खेत में घूमता हुआ गया वहाँ किसान खेत में जुताई कर रहा था। उसकी औरत मटके में पानी, चार मोटी-मोटी तवा भर आकार की रोटियां और साग ले आई। किसान ने हाथ-पैर-मुंह धोया। भारतीय परम्परा के अनुसार अंग्रेज को भी एक रोटी और उसके ऊपर साग रख करके दिया। अंग्रेज नहीं समझा क्योंकि दोनों एक-दूसरे की बोली नहीं समझते थे। अंग्रेज देखता रहा कि यह क्या करता है। किसान ने अपनी रोटियों पर साग रखा, पहले साग थोड़ा टेस्ट किया। तो अंग्रेज ने साग खा लिया और रोटी वापस देते हुए बोला टेक योअर प्लेट यानी अपना यह बर्तन वापस ले लो। अंग्रेज रोटी को प्लेट समझा। लेकिन जब उसने देखा कि किसान तो प्लेट भी खाता चला जा रहा है, इतना खा गया। तब सोचा सबसे पहले इनकी खुराक को खत्म करना होगा। कमजोर होंगे, थकेंगे तब ही इनसे हम जीत पाएंगे। तब लोगों को कमजोर बनाने के लिए तरह-तरह की चीजें यहाँ लाने लग गए।भारत देश के नौजवानों में शहीदों जैसा खून है। भारत के नौजवानों में भी भगत सिंह, चंद्रशेखर, अशफाक उल्ला खां, राजेंद्र लाहिड़ी जैसे शहीदों की तरह का खून है। जिन्होंने अन्याय को बर्दाश्त न करके अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई थी। एक बूंद भी शहीदों का खून जहाँ गिरा वहाँ से लाखों-लाख लोगों के जज्बात पैदा हो गए। उन वीरों के वंशजों को इस समय तरह-तरह की चीजों को परोस करके कमजोर किया जा रहा है। किससे ? यूट्यूब, गूगल, तरह-तरह से सिनेमा में, अन्य साधनों से, उनके चरित्र को गिरा करके, उनके खान-पान को खराब करके, उनकी ताकत को खत्म किया जा रहा है। प्रचार कर देते हैं कि अंडा खाओ, ताकत बढ़ेगी। अंडा क्या करता है? गर्मी पैदा करता है। अंडे खाने से नौजवानों की शक्ति क्षीण हो रही है, जवानी की ताकत खत्म हो रही है।

नशे की प्रवृत्ति पर रोक लगाना होगा तमाम अपराध नशे की वजह से हो रहे हैं। फांसी लोग लगा रहे हैं। औरतें अपराध की प्रवृत्ति में फंसी जा रही हैं। जिस देश की देवियां शराब पीने लग जाए, उस देश का क्या हाल होगा? भारत जैसे धर्म परायण देश में ऐसी हालत हो रही है। भविष्य क्या होगा? इस पर आप लोगों को विचार करने की, सोचने की जरूरत है। बहुत प्रयास करो, बहुत अच्छे कपड़े पहना दो, अच्छे मकान में रख दो, बहुत तरक्की करा दो लेकिन नशे के कारण शरीर में ताकत ही न रहे, बुद्धि ही न काम करे, जो चीज शरीर की शक्ति, बुद्धि और चेहरे के तेज को प्रखर करती है, वही इनके अंदर न रह जाए तो सोचो क्या आप आगे बढ़ सकते हो? आप तरक्की नहीं कर सकते हो।

Published, printed and owned by Rajesh.Chauhan, printed at B B Graphic printer Z--57 Okhla Industrial Area ph.2 New Delhi -110020 and published at BG 6 305 B Paschim Vihar New Delhi --110063 Editor Rajesh.Chauhan. E mail ID-rajeshchauhan4569@gmail.com, Contact No. - 9873104569, RNI No DELENG/2013/54397